सर, मैं यह सब इसलिए बोल रहा हूँ कि यह एक ऐसा विषय है कि यदि इस पर हमने ध्यान दिया, तो निश्चित रूप से हम सब लोग इसका एक अच्छा स्वरूप बना सकते हैं। मान्यवर, मैं आपसे एक विशेष निवेदन कर रहा हूँ कि आज इस देश का केवल 20 प्रतिशत भाग ही जंगलों से भरा है, जब कि इसे 33 प्रतिशत होना चाहिए।

सर, मुझे थोड़ा टाइम और दीजिए। ...(**व्यवधान**)... सर, अब तो सब की आज्ञा हो गई। ...(**व्यवधान**)... Sir, we have got 42 minutes. I know, I have spoken not even twenty minutes.

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): आपकी पार्टी के 4 स्पीकर्स हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI BHAGAT SINGH KOSHYARI: I know, I have spoken not even twenty minutes.

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): आप सुनिए। आप एक सीनियर मैम्बर हैं। आपकी पार्टी के 4 स्पीकर्स हैं। The total time is 42 minutes.

श्री भगत सिंह कोश्यारी: मुझे थोड़ा समय और दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): मैं क्या करूँ। आपने 15 मिनट लिया। मैं क्या करूँ ...(**व्यवधान**)...

SHRI BHAGAT SINGH KOSHYARI: Sir, I was told that I could speak more than 20 minutes by my leader.

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): सर, शायद यह इनकी मैडेन स्पीच है ...(**व्यवधान**)...

श्री भगत सिंह कोश्यारी: नहीं, नहीं। यह मेरी मैडेन स्पीच नहीं है। मैं कितनी बार बोल चुका हूँ। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Koshyariji, then the time of others will be reduced.

श्री भगत सिंह कोश्यारी: नहीं, नहीं, सर। देखिए, जो विषय आ रहा है, उस विषय को तो लेने दीजिए। यह मेरा आपसे अनुरोध है।

मान्यवर, अभी मैंने माननीय मंत्री जी से कहा था कि ठीक है, आपका इतना बड़ा विषय है, लेकिन आपका बजट बहुत कम है। मैं जानता हूँ कि रावण के पास सब कुछ था, सारी सेना थी, लेकिन भगवान राम के पास न तो इतने धनुष थे, न ही बाण थे, न तो रथ था, न उतना कुछ था और न पुष्पक विमान ही था, लेकिन, अपने सत्व के आधार पर रामचंद्र जी ने लंका को विजय किया। तो भई, जैसे सारे ब्रह्मांड में श्री राम व्याप्त हैं, ऐसे आप यदि चाहते हैं कि हम इस देश के अन्दर एक प्रकार से ग्लोवल वार्मिंग में कमी के लिए, केवल इसलिए नहीं कि विदेशी आपसे यह कह रहे हैं, उस पर ये जाएँगे, मैं नहीं जा रहा हूँ। उस पर आप निश्चित रूप से उनके डर से, जो अभी जी-8 में हुआ है, 2 डिग्री सेल्सियस की बात हुई है और इसके बारे में जो कुछ हुआ है, उस पर न जाकर मैं कहता हूँ कि हमारी जो आवश्यता है, उस आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए अगर हम इस दिशा में आगे जाएँगे ...(**समय की घंटी**)... तो मैं सोचता हूँ कि हम वनों की रक्षा कर पाएँगे। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): ओ0के0। प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

श्री भगत सिंह कोश्यारी: एक मिनट, सर। मान्यवर, मेरा एक विषय रह गया है। मैं एक और विषय के बारे में आपसे निवेदन करता हूँ कि यह जो 1980 का बना अधिनियम है— सर, पहाड़ पर मैं जरूर बोलूँगा। If you allowed me, you have to allow this one. है न?

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): टाइम नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI BHAGAT SINGH KOSHYARI: Please allow five more minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Five minutes! टाइम नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री भगत सिंह कोश्यारी: मान्यवर, यह जो 1980 का बना हुआ अधिनियम है, इसके माध्यम से जहाँ वन बचे हैं, वहीं आज हमारे पहाड़-- शांता कुमार जी चले गए हैं। इस बात को अरुणाचल के लोग जानते होंगे। इसे हमारे पूरे उत्तराखंड के लोग भी जानते हैं कि हमारे यहाँ के लोगों का जीना दूभर हो गया है। अगर केवल कानून के हिसाब से आप चलेंगे, तो पहाड़ का आदमी अपने घर में जलाने के लिए एक लकड़ी तक नहीं ला सकता है और अपने मकान बनाने के लिए वहाँ का पत्थर नहीं निकाल सकता है। वहाँ के लोगों को बहुत hardship हो रही है। अगर आप उस पर -- मुझे बहुत अच्छा लगा कि आपने CAMPA के बारे में पुनर्विचार किया है। हमारे मैत्रेयन जी कहते हैं कि आपने कुछ बहुत से अच्छे कार्य किए हैं। आपसे मेरा विनम्र निवेदन यह है कि वहाँ के लोगों की परेशानियों को देखते हुए, जैसे आपने अभी जनजातीयों के लिए, उनके अधिकारों के लिए, उनकी जमीन के लिए आया है, ऐसे ही निश्चित रूप से इस पर पुनर्विचार करें, ताकि पहाड़ के लोगों को अपना जो अधिकार है, ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): बस।

श्री भगत सिंह कोश्यारी: मान्यवर, मैं यह इसलिए बोल रहा हूँ कि यह बहुत आवश्यक है। उनको अधिकार इसलिए है कि पूरे हिन्दुस्तान का 65 परसेंट वन पहाड़ों में हैं। अगर उसके बारे में नहीं बोलूँगा तो क्या बोलूँगा! मैं सारे शब्द जोर से बोल रहा हूँ। उसकी रक्षा के लिए वहाँ के लोगों को लगाव हो। इसके लिए मैं चाहूँगा कि आप वहाँ के लोगों को और अधिकार दें। जैसे वहाँ के वन-पंचायत हैं, वे खुद की रक्षा करते हैं। अगर वहाँ पर आग भी लगती है, तो वे खुद उससे उसकी रक्षा करते हैं। केवल सरकारी आशा पर रहेंगे, तो उसकी रक्षा नहीं होगी। मेरा पूरा विश्वास है कि आप इस दृष्टि से अपने कानून में हमारे यहाँ के लोगों को सुविधा देंगे। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): हो गया। आपने बहुत अच्छा बोला।

श्री भगत सिंह कोश्यारी: चलिए, अब आपका आदेश है तो मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): हो गया। मैंने आपको बहुत ज्यादा टाइम दिया। Now, Shri Saman Pathak.

श्रीमती वृंदा कारत (पश्चिमी बंगाल): सर, उनकी ओर से ये कम बोलते हैं। यह विषय ही ऐसा है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): नहीं, नहीं। उनकी पार्टी से 4 स्पीकर्स हैं, and all the four are speaking. *(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: It is up to them to decide about the time. ....*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I have the list. ...*(Interruptions)*... Brindaji, I know. They have given the list. I have the list before me. Unless they give me in writing that they will withdraw, I can't cancel anybody's name. I know that.

श्रीमती वृंदा कारत: टाइम का सवाल है, सर।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Brindaji, why do you unnecessarily say that? They have their Chief Whip and they can write to me. It is not within my powers. When I have four names in the list, I have to call all the four. ...*(Interruptions)*... Please sit down. When I have a list, which the Chief Whips have given, I have to follow that. Nobody else can interfere. Now Shri Saman Pathak. You have fourteen minutes.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI JAIRAM RAMESH): Sir, I am willing to shorten my reply if it means giving more time to the hon. Members. Sir, I request you to give maximum time to the hon. Members. The hon. Member is the former Chief Minister. He has very valuable points to make. I am willing to reduce my time if he gets more time. I am willing to reduce my time.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Minister, here things are not decided by....*(Interruptions)*. That is the opinion of the Minister. We are governed by the Business Advisory Committee's decision.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Sir, may I make a request? The hon. Member, Shri Koshyari, comes from mountains. He is the son of the mountains from Uttarakhand. I know him. He is also the former Chief Minister. He has firsthand knowledge of issues on environment. If he can make certain pointed references, I think he should be allowed for that. Time adjustment can be made. That is what I want to say.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Raviji, the matter is very simple. Firstly, the Minister said he is ready to reply tomorrow. That is not the issue. The BAC has allotted.... *(Interruptions)*. Brindaji also raised this point. Brindaji, kindly listen to me. The BAC has allotted four hours and accordingly each party is given certain time. The Chair has to stick to that. If any party wants to withdraw its speakers or give more time to a particular speaker, it is up to that party. It is not for me. Whether the Minister replies today or tomorrow, we go by these four hours today. That is the first point. Secondly, Raviji said that he should be given more time. Your Whip was here when he was speaking. I should have been told at that time. Once I have stopped him and called another speaker, I am helpless. While he was speaking, the Deputy Leader or the Party Whip could have told me at that time. Now I have stopped him and called the next speaker, so I cannot allow him. I am sorry. But after the reply of the Minister, he can seek clarifications, which I will allow.

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA (Rajasthan): Sir, the Business Advisory Committee gives certain time. That is the minimum time. But it is entirely up to the Chair and the House to extend the time considering the importance of the situation. The whole world is worried about it. We are sitting here to decide the future of the world and the future of the nation in these four hours! I think that is not correct. I am a hundred per cent sure that the Chairman and the Members of the Business Advisory Committee will not mind if we sit here till 8 p.m. Let every Member come out with suggestions and then the Government can make a policy. I have done it many times. It is not that I am talking out of my hat.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Najmaji, you are a very senior Member. You were in this Chair for more than 20 years. It is an exceptional privilege which she alone has got for sitting here for more than 20 years. Now the question is this House is supreme. The House can extend time from four hours to six hours, not me. I cannot do it alone. I only said that. A motion can be moved from this side or that side that this time be extended to six hours. I have no objection. Pathakji please proceed.

श्री समन पाठक (पश्चिमी बंगाल) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे वन और पर्यावरण मंत्रालय के गंभीर विषय पर चल रही चर्चा में बोलने के लिए आपने मौका दिया, सबसे पहले मैं आपका इसके लिए आभारी हूं।

मान्यवर, वन और पर्यावरण बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है और देश के पर्यावरण को लेकर आज गंभीरता से सोचने का वक्त आ गया है। 2007 में IPCC ने जो 4th report दी है, उसमें आज की जलवायु की परिस्थिति के बारे में स्पष्ट लिखा है। आज दिन-प्रतिदिन जिस तरह से पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है,

यह एक गंभीर चिंता का विषय है। भूमंडलीय तापमान में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन इस शताब्दी की सबसे बड़ी चुनौती है, सबसे विकट परिस्थिति है और इससे विश्व के तबाही तक पहुंचने की संभावना है। महोदय, इस तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के लिए कार्बन डाई ऑक्साइड गैस एवं अन्य ग्रीन हाऊस गैसेज सबसे ज्यादा उत्तरदायी हैं। पर्यावरण बिगाड़ने के लिए मानवीय गतिविधियां सर्वाधिक जिम्मेदार हैं। विकसित देशों द्वारा चरम और उपभोक्तावादी दृष्टिकोण अपनाने की होड़ में प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। आज हमारे अपने देश में भी जो पर्यावरण और जलवायु में परिवर्तन हो रहा है या संतुलन बिगड़ रहा है और क्षति हो रही है, इसके हम जितने जिम्मेदार हैं, उससे कहीं ज्यादा विकसित देश इसके लिए जिम्मेदार हैं। हम लोग तो विकसित देशों की हरकतों के शिकार हैं। इसलिए मेरा कहना है कि विकसित देशों की हरकतों को हम क्यों भोगें? हम लोग, थर्ड कंट्रीज़ या अंडर डेवलप्ड कंट्रीज़, अपनी विकास ग्रोथ को एक विकसित देश के कहने पर, चुनिंदा so called developed country, बोलें और हम अपने development को, gross development को, economic development को रोकें यह कतई ठीक नहीं है।

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, I would like to draw the attention of the hon. Minister that when the hon. Member is speaking, he has to listen to him. He is walking here and there.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Minister, you have to listen to the Members who speak.

SHRI JAIRAM RAMESH: I am walking and listening to him at the same time.

श्री समन पाठक : महोदय, मैं ग्रीन हाऊस गैसेज के बारे में बोल रहा था कि आप अगर ग्रीन हाऊस गैस प्रोडक्शन की बात करें तो आज विश्व के जो आंकड़े हमारे सामने हैं, उसमें हमारी अपनी प्रोडक्शन 4.25 है, लेकिन अगर developed countires या अकेले USA को देखें तो टोटल ग्रीन हाऊस गैस का 26 प्रतिशत वह अकेले प्रोड्यूस करते हैं और वही एजेंडा तैयार करके हमको यह बोल रहे हैं कि आपको इस ग्रॉस डेवलपमेंट को रोकना है। हमको यह कतई मान्य नहीं है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एजेंडा हम लोगों को तैयार करना चाहिए और हम लोगों को बोलना चाहिए कि developed countires के कारण हमारा कृषि प्रधान देश इसके दुष्परिणाम भुगत रहा है। इसलिए चाहे वह ग्रीन हाऊस गैसेज का हो या एन्वायरमेंट से कंसर्न्ड एजेंडा हो, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हमें उस एजेंडा को तैयार करना चाहिए और हिम्मत के साथ उसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बोलना चाहिए।

अभी पिछली 8-9 जुलाई को जो G8 की मीटिंग हुई और Major Economic Forum ने इस बात को तय कर दिया कि 2% decrease है, इसको बढ़ाना नहीं है, उस बात को हम मानकर आए। ग्रीन हाऊस गैस के लिए जो जिम्मेवार हैं, वे जिम्मेवारी नहीं ले रहे हैं, हमारी ग्रीन हाऊस गैस के लिए जिम्मेवारी नहीं है। इसलिए developed countries ऐसी हरकतें बंद करें और हमें उनके कारण से विश्व की तबाही कतई मंजूर नहीं है, यह भारत को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जोर से बोलना चाहिए। भारत एक कृषि प्रधान देश है और यह जो एन्वायरमेंटल चेंज या क्लाइमेट चेंज हो रहा है, इसे हम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए, आज जो कृषि पर क्राइसिस आ रहा है, इसके कारण सबसे ज्यादा विक्टिमाइज़ हम हो रहे हैं।

माननीय मंत्री जी बैठे हुए हैं। माननीय मंत्री जी ने बड़ा clear stand लिया है कि हम लोग कतई नहीं झुकने वाले हैं। प्राइम मिनिस्टर जी भी बता रहे थे कि हम लोग नहीं झुकने वाले हैं। Simultaneously जब हम देखते हैं कि हमें भी दो डिग्री कम करना है, तो इसमें हम लोग क्यों भागीदार होंगे? जो 26 परसेंट वाले हैं, वह पहले अपने को चार परसेंट पर लाएं, तब हम आगे बात करें। इसलिए हम अपने देश की हित में, अपने देश की

मर्यादा को देखते हुए हर बात को नहीं मान लेंगे, कैसा एग्रीमेंट किया है, मैं इस पर नहीं जाउँगा। जहां तक environment का सवाल है, उसमें हम लोग एजेंडा तैयार करके सारे विश्व को बोलेंगे कि आप सभी हमारे राह पर चलिए। अगर हम लोग एजेंडा ठीक करके आएं, तो यह ठीक होगा। पर्यावरण के साथ-साथ हवा, पानी, खेती, भोजन, स्वास्थ्य, आजीविका, आवास, आदि पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है, इसका सीधा असर मनुष्य पर पड़ता है। देश का जो नुकसान हो रहा है, इसके लिए हमें क्या करना चाहिए, इसके लिए हमारी अपनी जो सोच है, हमारी जो जिम्मेदारी है, उस जिम्मेदारी को हम लोग निभाएंगे। कोई developed country एजेंडा तैयार करके, हमें कहेगा और तब हम उसके अनुसार एजेंडा तैयार करेंगे, ऐसा नहीं होना चाहिए। हम लोगों को क्या करना है, जो भी ठीक करना है, वह हम लोगों को ही करना है, इसलिए हमें अपना एजेंडा खुद बनाना चाहिए।

महोदय, भारत एक कृषि प्रधान देश है, यहां पर एक प्रकार की traditional खेती का trend है। हम लोगों के ऊपर जो खतरा है, अगर गवर्नमेंट sincere हो, तो हम लोग उसका मुकाबला कर सकते हैं। हम लोग कम से कम environmental sustainable technology अपना कर नेशनल ग्रोथ को आगे बढ़ा सकते हैं। सरकार को इसके लिए सकारात्मक सोच बनानी बहुत जरूरी है।

महोदय, गत जुलाई में जी-8 का कांफ्रेस जापान में हुआ था, वहां पर प्रधान मंत्री जी द्वार आठ मिशनों की घोषणा की गई थी - राष्ट्रीय सौर्य ऊर्जा को उन्नत करना, ऊर्जा क्षमता में वृद्धि करना, रहन-सहन, जल संरक्षण, हिमालय सुरक्षा, ग्रीन इंडिया, टिकाऊ कृषि और ज्ञान का रणनीतिक उपयोग करना, लेकिन बजट में इन मिशनों पर खर्च का कोई ब्यौरा नहीं है। ये जो आठ मिशन हैं, इन आठ मिशनों के लक्ष्य को कैसे पूरा करेंगे, बजट में इनका कोई reflection नहीं है। हिमालय की ग्लेशियर को बचाने के लिए, गिरती भूमिगत जल स्तर को रोकने के लिए एवं वन विस्तार के लिए बजट में स्पष्ट रूप से कोई उल्लेख नहीं है। इस ओर सरकार को अपनी ओर से एक initiative लेनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। एक कानून लाएंगे, यह करेंगे और वह करेंगे, यह दूसरी बात है, लेकिन इसे करने के लिए जिस तरह से इसे एक मिशन के तौर पर लेना चाहिए, वह नहीं लिया जा रहा है। महोदय, हमने आठ राष्ट्रीय मिशनों की घोषणा तो कर दी, लेकिन हम इन पर अमल करने में कहीं न कहीं चूक रहे हैं।

महोदय, आज प्राकृतिक संपदा सबसे ज्यादा नष्ट हो रही है। प्राकृतिक संपदा में आज मिट्टी का सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। आज एक साल में कम से कम लगभग 50 से 70 लाख हेक्टेयर खेती योग्य भूमि बेकार हो रही है। तापमान वृद्धि, प्राकृतिक प्रकोप, बढ़ता शहरीकरण और औद्योगिकीकरण, इन विभिन्न कारणों से कृषि योग्य भूमि नष्ट हो रहे हैं, इससे हमारी उत्पादन क्षमता में कमी आ रही है। इससे देश में food crisis होने की संभावना बढ़ रही है।

महोदय, मिट्टी के साथ आज सबसे जरूरी चीज पानी है। आज चारों तरफ पानी का संकट दिखाई दे रहा है। कृषि और जीवन के लिए पानी सबसे जरूरी चीज है, लेकिन जल प्रदूषण के कारण नदियों का पानी सूख रहा है। आज भूमिगत जल स्तर गिरते जा रहे हैं। कृषि के लिए किसानों को पानी चाहिए। आज किसान वर्षा पर निर्भर होकर खेती नहीं कर सकते हैं, इसलिए उन्हें नदियों के पानी पर निर्भर होना पड़ता है, लेकिन नदियों का पानी आज बहुत ज्यादा प्रदूषित हो रहा है। आज नदियों के किनारे कारखाने लगा दिए जाते हैं और कारखाने के छीजन को नदियों में बहा दिया जाता है। यह छीजन मिला हुआ पानी खेती के लिए कतई अच्छा नहीं है और इसका खेती पर सीधा असर पड़ता है।

महोदय, टिकाऊ कृषि के लिए हमने आठ मिशन बनाए हैं, लेकिन टिकाऊ कृषि के लिए हम लोगों को सटीक तरीके से जो initiative लेने चाहिए, वह नहीं ले रहे हैं। महोदय, आज जल प्रदूषण हो रहा है। नदियां सूखती जा रही हैं, भूमि का जलस्तर गिरता जा रहा है। नदियों को प्रदूषण-मुक्त करने के लिए हमने बहुत सारी योजनाएं बनाई हैं - यमुना एक्शन प्लान, गंगा एक्शन प्लान और झीलों के लिए

भी बहुत खर्चा करते हैं, लेकिन यमुना एक्शन प्लान फेज़ वन, फेज़ टू और फेज़ थ्री में करोड़ों रुपए हम बहा चुके हैं और वह पैसा यमुना के पानी की तरह बह रहा है। गंगा के पानी में पॉल्यूशन को ठीक करने के लिए भी हमने करोड़ों रुपए बहा दिए हैं, लेकिन गंगा के पानी की तरह वह पैसा भी बह रहा है। वह सटीक तरह से पॉल्यूशन मुक्त हो, इसमें जिस हिसाब से काम होना चाहिए, मुझे नहीं लगता है कि उस हिसाब से हम लोग कर पाए हैं। हमारा जो टार्गेट है, इस टार्गेट तक हम नहीं पहुंच पाए हैं। आज जिस तरह के concrete jungle बनाए जा रहे हैं, आज यमुना नदी के किनारे .... माननीय खेल मंत्री बैठे हुए हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आगामी 2010 में कॉमनवैल्थ गेम्स होने जा रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन यमुना के किनारे जो खेल गांव आदि का कंस्ट्रक्शन हो रहा है, मैं जानना चाहूंगा मंत्री जी से कि क्या उन सभी ने इसके लिए पॉल्यूशन बोर्ड से परमिशन ली है? I stand corrected, if I am wrong. मुझे लगता है कि जिस तरह से आज कंस्ट्रक्शन हो रहा है - पॉल्यूशन बोर्ड को वे ignore कर रहे हैं, इसलिए पॉल्यूशन बोर्ड को independently काम करने की इजाज़त आप दें।

महोदय, अब मैं पर्यावरण असंतुलन के बारे में कहना चाहता हूं। महोदय, हिमालयन ग्लेशियर विगत तीस-पैंतीस सालों से 21 प्रतिशत गिर चुका है। गंगोत्री ग्लेशियर 18.80 मीटर प्रति वर्ष की दर से सिकुड़ रहा है, जो कि बहुत ही चिंता का विषय है। महोदय, राष्ट्रीय मिशनों की घोषणा के साथ-साथ हिमालय बचाने की जो घोषणा है, उसके लिए क्या उपाय कर रहे हैं, कम से कम मंत्री जी उसे स्पष्ट बताएं। ...(**समय की घंटी**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Pathak, finish in two more minutes.

SHRI SAMAN PATHAK: Sir, I am coming to the forest issue. महोदय, environment बचाने के लिए forests सबसे ज्यादा important हैं। यह इसी से जुड़ा हुआ विषय है। वन-विस्तार के लिए हमने 2012 तक 33 प्रतिशत एचीव करने का टार्गेट रखा है, लेकिन मुझे लगता है कि अभी तक यह 20 प्रतिशत से 21 प्रतिशत है। माननीय डा. मैत्रेयन जिस कमेटी के चेयरमैन थे, मैं उसी कमेटी का मैम्बर था और एक बार कमेटी में forests पर डिसकशन हुआ था, लेकिन यह जो 20 प्रतिशत या 21 प्रतिशत बताया जा रहा है, यह गन्ने के खेतों को लेकर, पूरे एग्रीकल्चरल लैंड के आंकड़े बनाकर मंत्रालय दे रहा है, महोदय, यह आंकड़ों का खेल है। वास्तव में हम वन कितना कवर कर पा रहे हैं, इसका सही हिसाब होना चाहिए। दो साल में आप 33 प्रतिशत कैसे एचीव करेंगे, इसके बारे में सटीक प्लानिंग होनी चाहिए। मुझे लगता है कि वन विस्तार के लिए एक प्लानिंग की आवश्यकता है। आप "ग्रीन इंडिया" का कॉन्सेप्ट लाए, लेकिन उसके लिए आप "कैम्पा बिल" लाए हैं। अभी माननीय मैत्रेयन जी ने बहुत स्पष्ट रूप से बताया कि उस "कैम्पा बिल" की कोई जरूरत नहीं है और मैं उस बात को दोहराना नहीं चाहता। वहां पर ऑलरेडी जो Forest Conservation Act, 1980 था, 1992 से पहले ऑलरेडी एक बिल था, उसके बदले में आप जो "कैम्पा बिल" लाए, उसके क्या-क्या प्रोविज़न थे? 194th Report में कमेटी ने जो सुझाव दिए हैं, मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि उन सुझावों के मुताबिक इस बिल को दूसरे तरीके से लाए। इस बिल में फेडरल सिस्टम को totally neglect किया गया है। इस बिल में जो traditional ट्राइबल लाइफ है, उसको totally ignore कर दिया है, इसलिए यह बिल totally त्रुटिपूर्ण था। मैं मंत्री जी को धन्यवाद दे रहा हूं कि वे इसे संसद में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी.जे.कुरियन) : पाठक जी। अब हो गया। Please conclude. *(Interruptions)* Instead of 14 minutes, you have now taken 16 minutes. Now, conclude in one more minute. ...*(Interruptions)*...

श्री समन पाठक : 2008 में कानूनी तौर पर Forest Dwellers Bill को अडॉप्ट कर लिया गया, मैं इसका स्वागत करता हूं। हम लोगों का भी प्रयास था, ...(**व्यवधान**)... UPA गवर्नमेंट ने इसको लिया - विशेषकर माननीय वृंदा दीदी ने बहुत initiative लिया।...(**व्यवधान**)... इसमें हम लोगों का भी बहुत प्रयास रहा। यह एक अच्छा बिल है। मैं इसके लिए यूपीए गवर्नमेंट को धन्यवाद देना चाहता हूं। महोदय, बिल में प्रोविज़न है कि forest land को revenue land में कनवर्ट कर दिया जाए। जो villagers हैं, जो forest villagers हैं, जो traditional villagers हैं, उनको यह जमीन मिलनी चाहिए। अगर वह जमीन एक वनवासी को मिलेगी तो वह वहां पर agriculture लगाएगा, सब्जियां लगाएगा या पेड़ पौधे लगाएगा, लेकिन फॉरेस्ट लैंड कनवर्ट करने के नाम पर अगर आप SEZ लाओगे, अगर आप टूरिज्म के नाम पर फिर से बड़ी-बड़ी कम्पनीज़ को लाओगे तो यह envirornment के लिए कतई फायदेमंद नहीं होगा ..(**व्यवधान**).. बिल को सामने लाकर..(**व्यवधान**)..

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please resume your seat. *(Interruptions)*

श्री समन पाठक : कॉमर्शियलाइज़ करने का षड्यंत्र होगा। इसलिए हम लोग इसको कतई नहीं मानेंगे।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please take your seat. Your time is over, please. ...*(Interruptions)*...

SHRI SAMAN PATHAK: Sir, I am from the hilly region, I need time. मैं पहाड़ियों से आता हूं, दार्जलिंग से आता हूं, दार्जलिंग हिमालयन रीजन है, वहां पर different altitudes, different types of medicinal plants हैं, तरह तरह के और प्लांट्स हैं उसके लिए सही तरीके से प्लानिंग करके food bearing grass लगाएं। जैसा अभी-अभी कहा गया कि आज हाथी, चीता, बाघ सब सड़क पर बाहर आने लगे हैं क्योंकि वहां पर equation...(**व्यवधान**)... वहां पर यह सब न होने के कारण ऐसा हो रहा है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि कम से कम दार्जलिंग में Zoological Survey of India की एक ब्रांच खोली जाए। इसके अतिरिक्त जो नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी है, उसमें पूरे नॉर्थ ईस्ट रीजन को लेकर वहां पर कुछ अच्छा किया जाए। इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Brindaji is encouraging you to speak more. ...*(Interruptions)*

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, he is making such a good speech! ...*(Interruptions)*... Excellent speech!

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Yes, good speech. Every speech is good. You cannot say one speech is good and another is not. Every speech is good.

SHRIMATI BRINDA KARAT: How can you tell me what I can say about good speech, Sir? Leave me that much freedom to speak!

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Kamal, Mr. Raja has requested me that he be permitted to speak early because he needs to attend a meeting. You are agreeing to it, is it not? ...*(Interruptions)*... You are a very considerate person. Now, Mr. Raja.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, thank you very much. ...*(Interruptions)*... I agree with the points raised by my previous speakers, particularly Dr. Maitreyan, who was heading the Standing Committee on Science & Technology and Environment & Forests. Sir, there is a great expectation from the new Minister, Mr. Jairam Ramesh, who is holding an independent charge of the Forest & Environment Ministry. There is an appreciation for his very outright, open assertions in the recent days. Due to constraint of time, I confine myself only to a few points.

Firstly, I would like to speak on the Compensatory Afforestation Management and Planning Authority. My point is without considering the concerns expressed by the Standing Committee, the Ministry has reached an agreement with the court appointed committee on the expenditure of the CAMPA funds. I appreciate that this is an interim arrangement. But the relevant court order says that the same will continue for five years. The same could well have been achieved through the parliamentary process and in a manner that duly addressed the concerns of the Standing Committee. In particular, the steps of the Ministry have not addressed the Committee's concerns on the violation of forest dwellers' rights during diversion and afforestation programmes, or the fact that the money should be spent as per plans proposed by Panchayats and approved by Gram Sabhas. This Ministry will have to look into it. My second point is about illegal diversion of forest land in Violation of the Forest Rights Act. As per the Forest Rights Act of 2006, no forest dweller can be removed from the forestland until their rights are recognised. Moreover, the communities have the right and power to protect and manage their community forests and habitats. Yet the Ministry has been granting clearance for the use of forest land for the companies and the large projects without even verifying whether the right recognition has taken place, leave alone the impact of such diversions on the rights of forest dwellers in the areas. There are two examples, which are known to this House, the POSCO Steel Plant, and the Venanta's mines in Orissa. This is glaring violation of the law that requires urgent correction. I am saying that the law needs correction. Action should also be taken against officials responsible for those blatant illegal handovers of forestlands that have resulted in harassment and displacement of forest dwellers. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Pani, I have not permitted you. ...*(Interruptions)*... There is no time, then why do you get up? ...*(Interruptions)*... It is not permitted and it will also not go on record. There is no time.

SHRI D. RAJA: Sir, the third point is about the environmental clearances. Though the Minister has made public assurances that the environmental clearances process will be made more transparent and participative, public hearings continue to take place under pressure. There are protests and disputes going on with regard to many projects without visible response from the Ministry. Concrete action from the Ministry has yet to be taken on this front in order to ensure that these crucial processes are not bypassed and the environmental clearance process is made more democratic and more accountable. Sir, my third point is about climate change.

There appears to be a continuing lack of clear action by the Government on the issue of climate change. While the efforts of the Minister, the present Minister to hold the Western countries to their historical and international obligations are appreciated - I appreciate - but it is required that we also make efforts with regard to the climate change and to reduce its severity. I do not want to get into details. It is a fact that India is the fifth largest emitter after China, the US, the European Union and Russia. But India is a signatory to the United Nations Framework Convention of Climate Change and India is also a signatory to the Kyoto Protocol. The per capita carbon emission in India is only 1.2 tonnes as compared to 20.6 of the United States of America and 9.8 of the United Kingdom. This is what is my point. India and China, if possible, will have to put up a collective fight against the pressures by the United States of America and the Western developed countries, and when we are going towards the Copenhagen Summit, it is all the more necessary that India stands up. I understand, India, as a responsible nation, will have to respond to the climate change, global warming, on its own. But, at the same time, India should not buckle down to the pressures given by the western powers, particularly, the US and developed countries.

The last point, Sir, is the violation of people's right in tiger reserves. The very same House discussed about the 'Project Tiger'. One of the Ministry's most public and well-known programmes is the 'Project Tiger'. Yet, despite the fact that the Wildlife (Protection) Act was amended in 2006 in order to ensure a holistic approach that would require scientific, rigorous and consultative processes in the establishment of tiger reserves, the same have not been followed anywhere and the law is being grossly violated. I am telling you. evictions and arrest of forest dwellers are reported from several areas, including, Kalakkad, Mundanthurai, Nagarhole, Mudumalai, Anamalai and Simlipal tiger reserves. These have been the largest projects. There have been large protests in Mudumalai, Tadoba Andheri and Buxa tiger reserves. Though the Act requires that composition must ensure a secure livelihood for those being relocated, only cash is being provided. Indeed, the Minister has also provided estimates of the number of families who will be relocated. Recently, you have given the figure. It is unclear on what basis these estimates are being made when not a single step of process required under the Wild Life Act has yet been completed. Till date, the Ministry or the National Tiger conservation Authority has taken no concrete action to address these issues. Finally, coming to pollution and coastal zones, Dr. Maitreyan has dealt, in detail, all these issues. I am not taking the time of the House to speak, once again, on this. But, it is good that the Minister allowed the Coastal Management Notification to lapse, and, I hope the Ministry will listen to the voice of the main stakeholder, the fishing community, in the country before taking any step in this regard. And now, the Ministry is held by a Minister who holds an independent charge. I think, this Ministry will have more focus because in the emerging situation in the world when we are all discussing global warming,

climate change, this Ministry of Forest and Environment will have to be more active and will have to be more responsive to the requirements, demands of the situation. Thank you.

श्री कमाल अख्तर (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष जी। महोदय, आपने मुझे पर्यावरण और वन मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा में भाग लेने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग है और इसका लोगों की जिंदगी से, स्वास्थ्य से और अर्थ-व्यवस्था से सीधा सम्बन्ध है। सर, आप जानते हैं कि हमारे देश में जो नदियां हैं, वे हमारी धार्मिक आस्था और विश्वास का केंद्र तो हैं ही, इसके साथ ही साथ कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी इन नदियों से जुड़ी हुई है। मैं यह बात इसलिए कहना चाहता हूं कि 1985 में जब गंगा एक्शन प्लान और यमुना एक्शन प्लान जैसी योजनाएं बनाई गईं - क्योंकि गंगा एक ऐसी नदी है, जिससे करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था, उनका जीवन-यापन का साधन और जीवन की योजनाएं जुड़ी हुई हैं, जब यह गंगा एक्शन प्लान 1985 में चालू किया गया, तो लोगों को कुछ उम्मीद जगी थी कि हो सकता है कि इसका कुछ भला हो जाए। मैं यह बात इसलिए कहना चाहता हूं, क्योंकि जब से गंगा का प्रदूषण शुरू होता है, वह सबसे पहले हरिद्वार से निकलने के बाद ज्योतिबा फुले नगर, गजरौला के अंदर, जो मेरे अपने क्षेत्र के अंदर पड़ता है, वहां इतनी औद्योगिक इकाइयां हैं कि उन औद्योगिक इकाइयों का पूरा पानी बगद नदी से होते हुए कचला घाट में जाकर गंगा के अंदर पड़ता है। वहीं से इसके प्रदूषण की शुरुआत हो जाती है। सर, आप जानते हैं कि औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से पहले राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मंजूरी लेनी पड़ती है। उत्तर प्रदेश के अंदर ऐसे हालात हैं कि पैसा देने के बाद किसी भी तरह की योजना, किसी भी तरह की औद्योगिक इकाई, वह चाहे कितना भी गंगा को प्रदूषित कर रही है, ऐसी योजनाओं को वहां खुलेआम अनुमति दी जा रही है। इस बात का इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि उत्तर प्रदेश में सिर्फ 57 इकाइयां ऐसी हैं, जो बिना सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटके चल रही हैं। ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति तो यह है कि वे अपनी योजनाओं के अंदर ट्रीटमेंट प्लान लगाने के लिए अनुमति लेने के लिए दिखावा करते हैं। वे केवल कुछ समय के लिए अपना ट्रीटमेंट प्लांट चलाते हैं और उसके बाद वह ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिया जाता है। बंद करके पूरा का पूरा कचरा नदी के अंदर से होते हुए जाता है और जाने के बाद गंगा को प्रदूषित करने का काम करता है। दूसरा महत्वपूर्ण विषय हम लोगों के सामने यमुना का है। यमुना धार्मिक आस्था और लाखों लोगों को रोजी-रोटी देने वाली नदी है। ये इतनी महत्वपूर्ण नदियां है कि हमारे मंत्री जी ने खुद अपने वक्तव्य में कहा था कि हमारी गंगा पैंतीस साल के अंदर विलुप्त हो जाएगी। मैं यह बात इसलिए कहना चाहता हूं कि अगर इन नदियों को नहीं बचाया जा सकता है, तो मैं समझता हूं कि हिंदुस्तान को बर्बादी के कगार पर पहुंचाने में यह सबसे महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। जहां तक यमुना का सवाल है, यमुना पीछे से गंदी होती आती है, लेकिन दिल्ली में आकर वह पूरी तरह से जहरीली हो जाती है। पूरा सिवरेज, नालों का पानी यमुना के अंदर डाल दिया जाता है। अभी मेरे साथी समन पाठक जी कह रहे थे कि कॉमन वेल्थ गेम्स की बात है, वह बात ठीक है कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है, लेकिन उस सौभाग्य की बात के साथ-साथ हम लोगों को अपने पर्यावरण नियम के अनुसार, अपने पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषय से कहीं भी कम्प्रोमाइज नहीं करना चाहिए। माननीय मंत्री जी, एक बात और बताना चाहता हूं। मैंने, उत्तर प्रदेश के अंदर जो गंगा-यमुना हाई-वे प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश की सरकार ने चालू किया है, का एक क्वेश्चन लगाया था। नोएडा के अंदर एक योजना चल रही है। वहां एक पार्क बनाया जा रहा है। पता नहीं पर्यावरण विभाग से उसकी अनुमति ली गई है या नहीं ली गई है, लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि ये पूरी वे योजनाएं हैं, जो हमारे पर्यावरण नियमों को अनदेखा करके कुछ लिमिटेड लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए चलाई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश नगर में, नोएडा

के अंदर गौतमबुद्ध नगर में चले जाइए, आप नोएडा में जाकर देखेंगे कि जब गौतमबुद्ध नगर शुरू होगा तो वहां एक से चार-पांच किलोमीटर तक एक पार्क शुरू होगा। वहां पर पेड़ों को काटकर उस पार्क का निर्माण किया जा रहा है। अभी उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एक गंगा एक्सप्रेस हाई-वे योजना चली है। उन्होंने कहा है कि हम लोग एक ऐसा एक्सप्रेस हाई-वे ले जाएंगे, जो दिल्ली और बलिया की दूरी बहुत कम कर देगा। मंत्री जी मैं पूछना चाहता हूं कि एन.एच. 24 जैसे नेशनल हाई-वे जो शेरशाह सूरी द्वारा बनाए गए नेशनल हाई वे हैं, अगर इन्हीं को डेवलप कर लेंगे तो हम लोगों को इन हाई-वेज की जरूरत कहां पड़ेगी? सर, सीधे-सीधे पूरी गंगा को बर्बाद करने का यह एक प्लान है। अगर आप उन योजनाओं के अन्दर उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा प्लान देखेंगे, तो मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि वे प्लान पूरे होने के बाद, पूरा हाईवे बनने के बाद, उनकी पूरी प्लानिंग complete होने के बाद गंगा को बर्बाद होने से कोई नहीं बचा सकता। आप 35 साल बाद कह रहे हैं, मेरा यह कहना है कि हो सकता है कि गंगा हम लोगों के हाथ से चली जाए और वह विलुप्त हो जाए।

सर, मैं एक दूसरी बात कहना चाहता हूँ कि अभी हमारे सभी साथियों ने बड़ी चिन्ता व्यक्त की कि इस समय सबसे बड़ा मुद्दा है Global warming और Climate change का। संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के बारे में साफ कहा गया है कि जिस तेजी से हिमालय से ग्लेशियर पिघल रहे हैं, उससे जुड़ी जितनी नदियाँ हैं, उन सबका जलस्तर बढ़ेगा और यहाँ खेती करना मुश्किल हो जाएगा, आने वाले कुछ सालों के अन्दर भारत के लाखों लोग विस्थापित होंगे, मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों के डूबने का खतरा हो जाएगा, भारत में इन परिस्थितियों पर आधारित अर्थव्यवस्था के चक्र टूटने और कृषि और पशुओं के चारे की समस्या होगी। जैसे-जैसे climate change बढ़ रहा है, तूफान बढ़ रहा है, सूखे का प्रकोप और अधिक बढ़ता जाएगा। महोदय, भारत जैसे उन देशों के लिए यह कड़वा सच है, जिन्होंने अभी तक आपदा जोखिम प्रबन्धन में निवेश नहीं किया है। सरकार सूखे-बाढ़ की स्थिति में पल्ला झाड़ लेती है कि यह तो प्राकृतिक आपदा है, सरकार को इससे क्या करना है। इसलिए मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि हम लोगों को इन चीजों से निबटने के लिए आपदा जोखिम जैसे प्रबन्धन जरूर करने चाहिए। एक तरफ जो विकसित देश हैं, वे यह कह रहे हैं कि भारत जैसे विकासशील देश गोबर के कंडे और लकड़ी से खाना बनाते हैं, जिससे कार्बन डाई-ऑक्साइड का उत्सर्जन होता है और यही लोग Climate change और Global warming की स्थिति बना रहे हैं। सर, मैं यह कहना चाहता हूँ कि जितने विकसित देश हैं, वही हमसे ज्यादा उद्योगों की वजह से जितना कार्बन डाई-आक्साइड का उत्सर्जन कर रहे हैं, वे सीधे-सीधे उसके लिए जिम्मेदार हैं। अगर हम उन विकसित देशों के दबाव में लकड़ी और गोबर के कंडे को प्रतिबंधित करेंगे, तो अगर हम गाँवों के अन्दर मुफ्त एलपीजी की योजना लाएंगे, तभी यह व्यवस्था सही रहेगी, क्योंकि गाँवों के अन्दर 60-70 प्रतिशत लोग एलपीजी पर खाना बनाने की स्थिति में नहीं हैं।

सर, मैं एक और चीज़ कहना चाहता हूँ कि बाघ और दूसरी ऐसी बहुत सी जातियाँ हैं, जो विलुप्त हो रही हैं। आज खुलेआम पूरे देश के अन्दर वनों को कम करने का काम किया जा रहा है। खुलेआम माफिया उनको काट रहे हैं और प्रशासन उनसे मिला हुआ है। कहीं कोई लगाम नहीं लगाई जा रही। कोश्यारी जी और समन पाठक जी ने यह सही कहा कि स्थिति यह है कि आप उत्तराखंड के अन्दर चले जाइए, तो दो-चार दिन में कहीं-न-कहीं आपको यह सुनने को मिलेगा कि कोई जानवर, हाथी या बाघ, ये सारे कहीं-न-कहीं पब्लिक के बीच, शहर के बीच आ गए। यह स्थिति इसलिए है कि वहाँ आज वनों का बुरी तरह से कटान हो रहा है और सरकार की तरफ से जो भी योजनाएँ चल रही हैं, चाहे वह एक्शन प्लान हो, चाहे पेड़ लगाने की योजना

हो, इस मंत्रालय की सारी-की-सारी योजनाएँ भ्रष्टाचारियों और कमीशनखोरों के लिए सबसे लुभावनी योजनाएँ हैं। अभी `नरेगा` से सम्बन्धित योजनाएँ आईं, बहुत-सी पेड़ लगाने की योजनाएँ आईं, वे सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा देने का काम करती हैं।

सर, मैं दूसरी एक और चीज़ कहना चाहता हूँ कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्दर या बलिया, मऊ या बलिया से आस-पास लगने वाले जितने जिले हैं, बिहार के अन्दर जो गंगा से लगे हुए जिले हैं, आप पश्चिम बंगाल तक चले जाइए, ये जितने भी जिले हैं, इनके अन्दर आज जो लोगों को पीने का पानी मिल रहा है, अगर उसके लिए सबसे ज्यादा कोई स्रोत है, तो वह गंगा है। सर, आज गंगा के अन्दर इतनी आर्सेनिक है कि हजारों लोग पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के अन्दर चर्म रोग और कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं। सर, वह गंगा, जिसे जीवनदायिनी और मोक्ष-प्रदायिनी माना जाता है, वह गंगा आज हम लोगों को मौत देने का काम कर रही है। अगर इसके पीछे कुछ है, तो वे सारी औद्योगिक इकाइयाँ हैं, वे सारी चीजें हैं, जो हमारी गंगा और यमुना को प्रदूषित करने का काम कर रही हैं।

सर, मैं आपसे एक और चीज़ कहना चाहता हूं। आज ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण के साथ-साथ एडवर्टाइज़मेंट के लिए सड़कों के ऊपर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हुए हैं। इनमें इस्तेमाल के लिए आज हिन्दुस्तान के अन्दर हजारों टन, हजारों स्क्वेयर मीटर पीवीसी से बनी हुई फ्लेक्स आती जा रही है। आपने चीनी खिलौनों पर बैन लगा कर एक अच्छा कदम उठाया क्योंकि यह हमारे बच्चों को कई प्रकार के रोग दे रहे थे और हमारे बच्चों का भविष्य खराब कर रहे थे, उनकी किडनियां फेल कर रहे थे। सर, लेकिन ये सारे के सारे फ्लैक्स पीवीसी के बने हुए होते हैं और पीवीसी वह चीज़ है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती है। हजारों चीज़ें नष्ट हो सकती हैं, लेकिन यह नष्ट नहीं हो सकती। जहां भी यह जमीन में पड़ जाती है, वह उसे खराब कर सकती है। अगर यह किसी खेत की उपजाऊ भूमि में पड़ जाए, तो वह भी खराब हो सकती है।

सर, मैं आपको बताना चाहता हूं कि देश में जितनी भी विळ्ाापन बनाने वाली कंपनियां हैं, उनके द्वारा आधुनिक तकनीक के जरिए Polyvenyl के बोर्ड तैयार किए जाते हैं। पिछले दशक में विभिन्न देशों में इस चीज़ पर शोध भी हुई हैं कि इसमें जहरीले रसायनों का प्रयोग किया जाता है, जिनसे कैंसर, डायबिटीज़, मस्तिष्क क्षति आदि जितने गंभीर रोग हैं, उनके होने का पूरा खतरा रहता है। इसमें यूज़ होने वाली स्याही एवं अन्य सभी चीज़ें ऐसी हैं, जो हमारे पर्यावरण को नष्ट करती हैं। आज भी सरकार के प्रतिबंध के बावजूद पोलिथीन बैग इत्यादि ऐसी चीजयें का उपयोग हो रहा है, जो हमारे पर्यावरण को बर्बाद करने का काम करती हैं, नष्ट करने का काम करती हैं। आज पूरी तरह से ऐसी वस्तुओं का यूज़ हो रहा है।

दूसरा, सर आज जीवों की कुछ ऐसी जातियां हैं, जो विलुप्त होती जा रही हैं और जो हमारे पर्यावरण की महत्वपूर्ण कड़ी हुआ करते थे। पहले गिद्ध हुआ करते थे, जो आज कहीं देखने को नहीं मिलते हैं, पूरी तरह से विलुप्त हो गए हैं। गांव में जब भी कोई मवेशी मरता था, तो उसको ले जाकर बाहर डाल दिया जाता था, जिसे गिद्ध खा जाते थे और उससे फैलने वाली बीमारियों से हम बच जाते थे, लेकिन आज गिद्धों की पूरी जाति विलुप्त हो गई। अभी सरकार की ओर से भी यह खबर आई है कि पन्ना रिज़र्व में कोई बाघ नहीं बचा है। आखिर क्या कारण है? ...(**समय की घंटी**)

THE VICE-CHAIRMAN- (PROF. P.J. KURIEN): Kamal Akhtarji, you have two minutes more.

श्री कमाल अख्तर: सर, चालीस साल से आप हजारों करोड़ रुपये इन प्रोजेक्ट्स पर खर्च कर रहे हैं, लेकिन हो यह रहा है कि कभी सरिस्का में तो कभी पन्ना में बाघ गायब हो जाते हैं। इसका कारण सीधा है कि एक वनों की तस्करी पर कठोरता नहीं बरती जा रही है। तस्करों और शिकारियों की सरकारी तंत्र के लोगों से मिली भगत है। उनके लिए सख्त से सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूं

कि जैसे आज ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण हैं, वैसे ही पूरे उत्तर प्रदेश में एक नये प्रदूषण का डेवलपमेंट हुआ है, वह है पत्थर प्रदूषण। आप पूरे गोमती नगर में चले जाइए ...(**व्यवधान**)...

[श्री उपसभापति पीठासीन हुए]

श्री अवतार सिंह करीमपुरी (उत्तर प्रदेश)**:** आपने यह जो पत्थर की मूर्तियां कहा, यह अनुचित शब्दावलि है ...(**व्यवधान**)... वे बहुजन समाज के महापुरुषों की मूर्तियां हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री कमाल अख्तर: सर, आप सुनिए। वहां कुछ लोग ...(**व्यवधान**)... आप सुनिए तो सही ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: यह क्या हो रहा है? नहीं-नहीं, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी**:** यह रिस्पेक्टफुल लैंग्वेज नहीं है ***...(व्यवधान)...*** आप किसे पत्थर की मूर्ति कह रहे हैं ***...(व्यवधान)...***

श्री कमाल अख्तर: आप पहले सुनिए ...(**व्यवधान**)...।

श्री उपसभापति: करीमपुरी जी, ...(**व्यवधान**)...

श्री कमाल अख्तर: सर, ऐसा है ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: यह उन्हें पत्थर की मूर्ति कैसे बोले ...(**व्यवधान**)... भगवान राम की, कृष्ण जी की, सबकी मूर्तियां पत्थर की हैं इसका मतलब है कि आप ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए, आपको बुलाया नहीं गया है, आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)...।

श्री कमाल अख्तर: सर, आज पूरे उत्तर प्रदेश के अन्दर ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: जो भी मूर्तियां हैं, सब पत्थर की हैं ...(**व्यवधान**)... इसका मतलब भगवान कृष्ण की मूर्ति भगवान राम की मूर्ति गांधी जी की मूर्ति, अम्बेडकर जी की मूर्ति ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... This will not go on record ***...****(Interruptions)*

श्री कमाल अख्तर: सर, ये लोग भी वन और पर्यावरण मंत्रालय ...(**व्यवधान**)... उत्तर प्रदेश की सरकार प्रदूषण ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए आपको इंटरवेंशन करने का कोई हक़ नहीं है।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: *

श्री उपसभापति: कुछ भी हो, जब आपका समय आएगा आप तब बोलिए ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: *

श्री उपसभापति: देखिए, आप मैम्बर को इस तरह रोक नहीं सकते हैं। Unless it is unparliamentary आप मैम्बर को रोक नहीं सकते हैं।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी*: **

श्री उपसभापति: यह आप डिसाइड नहीं कर सकते, यह चेयर डिसाइड करेगी कि क्या अनपार्लियामेंटरी है ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: *

श्री उपसभापति: आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)...

---

*Not recorded.

श्री कमाल अख्तर: सर, मैंने कहा कि जैसे आज दुनिया के अन्दर ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण है, उसी तरह आज पूरे उत्तर प्रदेश के अन्दर एक नया प्रदूषण डेवलप हो गया है, वह है पत्थर प्रदूषण। पूरे गोमती नगर के किनारे बर्बाद कर दिए गए हैं। पूरे गौतम बुद्ध नगर के अन्दर, यमुना के किनारे पत्थर लगा कर, वनों को काटकर बर्बाद किया जाता है। हम बाबा भीमराव अम्बेडकर के विरोधी नहीं हैं, भगवान राम के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उनके लिए पूरा हिन्दुस्तान है। पूरे हिन्दुस्तान के सम्मानित स्थानों पर उनकी मूर्तियों को स्थापित किया जा सकता है। लेकिन सर, हमारे पर्यावरण को, हमारी जीवन दायिनी अर्थव्यवस्था को, हमारी कृषि को, हमारे लोगों के रोज़गार को, हमें जीवन देने वाली नदियों को बर्बाद करके उद्योगपतियों का घर भरने के लिए और चुनावी चंदे के लिए अगर ऐसे प्रोजेक्ट लाए जाएंगे, तो यह गलत होगा। मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि पिछले पांच साल से इस सदन के अन्दर मैंने आप जैसा गंभीर मंत्री नहीं देखा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप गंगा को बचाने का काम करेंगे, साथ ही उत्तर प्रदेश के अन्दर जो पत्थर प्रदूषण हो रहा है, उस प्रदूषण पर भी रोक लगाने का काम करेंगे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. CHANDAN MITRA (Nominated): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir, for giving me this opportunity.

A lot of points have already been made. So, I just want to flag a few issues relating primarily to the budgetary allocations that have been made. ...*(Interruptions)*... Sir, at the very outset, I would say that this is a Ministry that the whole country had come to know as the 'Ministry of Extortion and Deforestation.' I am very glad that under the new Minister, we hope the Ministry will get back to its original avatar as the 'Ministry of Environment and Forests' after removing the tag of 'Extortion and Deforestation'. Many Members, here, have made points about deforestation. Deforestation, I am afraid, Sir, has become extremely rampant over the last few years, and, I think, it is very, very essential to take steps to prevent this from spreading any further. Several Members have pointed out — Koshyariji is here and Mr. Kamal Akhtar also mentioned about this — that this rampant deforestation that has been going on in the hill regions, in particular, is the cause of many of the problems that the country is facing with regard to water pollution, air pollution and the destruction of wild life.

Sir, we have already discussed, in the course of a Calling Attention Motion, brought by Mr. Rajiv Pratap Rudy in which the Minister had also replied, the state of the tiger reserves. The Minister was honest enough to admit the state of the tiger reserves, and, I am very glad that he has recently conducted a meeting in Sariska which is one of the reserves that had completely lost all its tigers. So, I think, there was of a very symbolic importance of holding this meeting at Sariska where 'Project Tiger' Directors were called and schemes for tiger protection were unveiled. I am very glad this meeting has taken place but the fact is that it will be interesting to know from the Minister in the House — I think he should take the House into confidence — what are the precise steps that are being planned because a lot of money has been spent on this and, yet, we find that reserve after reserve has lost its tigers. Some are in a pathetic state; in some of the reserves, the Maoists have taken over and have destroyed the tigers. In many cases, the

writ of the Government does not run. As a result, many of the Government policies simply cannot be implemented. The critical tiger habitat plans that were due for implementation are yet to be implemented. The buffer zones are yet to be fully created. So, we would like to know what precisely are the plans, although I must compliment the Minister that in this Budget, there has been a significant increase in the total amount allocated for wildlife conservation and protection.

Sir, the tiger is not the only endangered species in this country. I think, it is very, very distressing that leopards are also being killed in very large numbers. This has been referred to by several Members here. In many parts of the country, particularly, in Uttarakhand, as Koshyariji was also mentioning, the destruction of the habitat is brining leopards into crowded human inhabited areas and this is resulting in the barbaric beating up of leopards and their killing. In this context, Sir, I would appeal to the Minister to put on hold his plan to reintroduce the 'cheetah' into this country, because, I think, first, we need to protect what we have. We have to protect, the leopard, which we are unable to do. So, let us first protect the leopard, ensure that they have a sufficiently large habitat and don't need to stray into human habitations, and no that they can then grow and prosper, before we introduce the Cheetah, which requires large grasslands in order to survive, and those are gradually disappearing in this country.

Sir, the condition of the Himalayan Black Bear is also a matter of great concern. Black bears have been hunted for a long time. Unfortunately, because their gall bladder is something which is very precious and fetches a large price in the international market and is also used for intoxication, it is taken out of the Black bear and the bear dies a very, very painful death. The bear is virtually extinct in most of the Himalayan forests except for the upper regions and some parts of Jammu & Kashmir; they have been brutally killed in many of these places. Some have been exported to Pakistan, of all things, because in Pakistan, in certain parts of the North West Frontier Province, bear fighting is a game which people enjoy. The bear teeth are smashed, the claws are removed and they are made to fight in an arena. So, this inhuman, barbaric sport continues with some of our most priced wild animals, and unfortunately, since the Black bear is not available in large numbers in Pakistan, they are still, I believe, being smuggled from parts of Kashmir, across the LoC, into Pakistan. I would urge the Minister to look into that also.

Sir, I would quickly make some more points. We have discussed the issue of poaching here and were assured by the Minister through his reply to the last Calling Attention Motion that he would explore the possibility of using fast track courts to try and control poaching, and so on. But, Sir, I am disappointed that under the head of Wildlife Crime Control, the allocation of the Ministry has been reduced from Rs. 6.00 crores to Rs. 4.08 crores. This does not entirely conform to the commitment that was made in this House to ensure that poaching activities are

brought to the minimum. It is quite possible that the same set of officers who had guided the previous establishment in this Ministry has prepared this Budget, and so, probably the Minister was not aware. I would request the Minister to kindly look into how this amount was reduced.

Sir, a very important point has been made here that equipment, human resources and training are absolutely critical in the maintenance of our wildlife habitats. I find that under this head also, very little allocation has been made. I think the hon. Minister definitely needs to look into this. The Indian Forest Service, which was once a prized service, is today absolutely relegated to the bottom of the barrel. Nobody wants to go there unless they are actually hand in glove with the poachers and criminals. So, junior officials who go to the forests believe that they have been dumped into the boondocks and, therefore, try to make their money elsewhere. The Minister needs to look into this and see how this can be checked; it is a long-term affair, but I do expect that this will be looked into, because of the interest he has shown. I shall end this point by saying that in this Budget, under the head of intensification of forest management, under which a lot of these issues are covered, the allocation has been brought down from Rs. 87 crores to Rs. 55.2 crores. This is apparently because the amount of Rs. 87 crores, which was allotted in the 2008-09 Budget, could not be spent. Now, if they were not spent, there must have been some reason for that. Possibly there was lack of political will to spend it. I think the Minister needs to look into why this money was not spent and, therefore, this year's allocation itself been reduced. I think this is something that he definitely needs to look into. (**Time-bell rings**) Sir, this is a very important subject and possibly, my last speech in the House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But we are short on time because we have to conclude this debate by 6 o'clock.

DR. CHANDAN MITRA: Just as you give consideration to the speaker who makes his maiden speech, I think you must give some extra time to his last speech also!

Sir, I also feel disturbed that for mangroves and wetlands, which are critical components of our bio-diversity, only three crore rupees have been allotted. Now, we know what the situation is as far as mangroves are concerned. The recent cyclone, Aila, and the disaster it caused in Bengal are very well known. But only three crore rupees have been allotted here, including wetlands. The state of the Keoladeo Bird Sanctuary, which is a huge natural Wetland, is well known; we have debated on it. In view of this, these two issues also need to be definitely looked into and in the context of river pollution — Mr. Kamal Akhtar has already mentioned all the details — I only want to flag the Minister's attention to one thing. This is in connection with of a culinary fascination that I think all people from my part of the country have for the Hilsa fish. The Hilsa fish, Sir, a great delicacy, is today selling at Rs.550 to Rs.600 per kilogram in the market, and that too they weigh only between 750 gram and 1 kilogram. Baby Hilsa is being fished in a very large number in violation of all environmental laws and ethics. They are being fished during

the breeding season. As a result, we don't have enough Hilsa in the rivers and in the sea. This has been going on for a long time. We have been trying to compensate this by importing Hilsa from Bangladesh. We imported 21 lakh kilos of Hilsa from Bangladesh last year. This year, due to price dispute, Bangladeshi Hilsa has not been coming to Bengal which led to the sky-rocketing of prices. Another cause of sky-rocketing of prices is poaching of baby Hilsa. The hon. Minister has to look into this. It is not just a fish which people find delicious, but this is a great heritage. It is only one of its kind in the world comparable to the Salmon of Canada. I think that this definitely needs to be looked into.

I have just two quick points. I would draw the Minister's attention to the situation in the Lakshadweep group of islands, which has a very fragile ecology. The coral reefs have been damaged. After the Tsunami, there has been a burning of the coral in that area which is leading to the steady destruction of our great natural heritage. Unfortunately, Sir, cruising ships have been allowed to dock at an island called Kadmat in the Lakshadweep, which is particularly fragile. We have the best coral in that region. Although there are some agreements that the beach will not be polluted and so on, I don't think that it is enough. It definitely needs to be looked at whether rampant tourism should be allowed in such a fragile part of the country. I would like to draw the Minister's attention, through you, Sir, that the Galapagos island, where Charles Darwin conducted all his research, is so fragile that there is a huge list of people who have registered to go there because the entry is regulated. A friend of mine who is living in the United States registered two years ago and he will get his turn to visit the island eight years from now because there is a strict regulation on the member of people who are allowed to visit these ecologically fragile islands. Something like this I would like to recommend for our islands.

Finally, I just endorse the points that have been made about the discharge of effluents into rivers like the Ganga. Sir, in Varanasi, it is my experience that most of these effluent-treatment plants and sewage-treatment plants don't run because there is no electricity. So, if they barely run for two hours in the morning, twenty-two hours untreated sewage is being discharged into the *Varuna* and the *Asi* rivers, which make up Varanasi. That is the reason why the Ganga at Varanasi in all places is dead and there is no fish. If you take a dip in the river, which I did last year, you will find your whole body itching because the river is very polluted. This is something after the Ganga Action Plan is in place. If we cannot clean the whole river, at least, some part of it can be cleaned. Sir, it is very, very distressing as the Minister has said that we are heading for the eventuality where the Ganga will cease to exist in 35 years. Sir, in Eastern UP a song is still sung - गंगा मैया में जब तक के पानी रहे, मेरे सजना तेरी जिन्दगानी रहे। If this is going to be the state

that this song will never be sung again, the Minister has to ensure that the song never dies, the river never dies.

श्री उपसभापति : श्री अली अनवर अंसारी। आपकी पार्टी के लिए पांच मिनट का समय है।

श्री अली अनवर अंसारी (बिहार) : उपसभापति महोदय, जनाब डा0 चंदन मित्र सहित दूसरे तमाम लोगों ने पर्यावरण और वनों के अंधाधुंध काटे जाने के मुतअल्लिक, वन्य जीव जिस तरह मर रहे हैं और ग्लोबल वार्मिंग तथा क्लाइमेट चेंज के मुतअल्लिक जो चिंताएं जाहिर की हैं, मैं अपने आपको उन तमाम चिंताओं से जोड़ना चाहता हूं।

महोदय, मुझे बहस में एक बात यह लगी कि हम लोगों ने ज्यादातर अपना वक्त समस्याओं को, प्रॉब्लम्स को गिनाने में लगाया है। हमें क्या करना चाहिए और हम क्या कर रहे हैं, मैं इसकी थोड़ी चर्चा करना चाहता हूँ। बिहार ने एक पहली की है। मैं सदन का ध्यान इस ओर खींचना चाहता हूँ कि शायद यह छोटी-सी पहल है, लेकिन मैं इसके प्रति अपना मोह संभरण नहीं कर पा रहा हूँ कि हमारे माननीय मुख्य मंत्री नीतीश कुमार जी की पहल पर बिहार ने एक छोटी-सी पहल की है और वह पहल यह है कि हम आगामी 30 अगस्त को तिरहुत प्रमंडल में, जिसमें छः जिले आते हैं, एक करोड़ पेड़ लगाएंगे। ये एक करोड़ पेड़ फलदार पेड़ होंगे और इमारती लकड़ियों के पेड़ होंगे। हमने वहां दो-दो सौ पेड़ का एक यूनिट बनाया है तथा हमने हर यूनिट की देखभाल के लिए, एक बीपीएल परिवार का, एक दलित परिवार का, एक महादलित परिवार का, महिला का या जो कमजोर है, जो मिट्टी नहीं काट सकता है, उनका चयन किया और उन्हें उन पेड़ों की देखभाल करने के लिए एक सौ दिन के लिए मुकर्रर किया है। हमने इस योजना को 'नरेगा' से जोड़ते हुए एक सौ दो रुपए उनको मजदूरी देने का भी काम किया है। एक सौ दिन के बाद दूसरे चयनित परिवार आएंगे और उसको भी वहीं मजदूरी मिलेगी। इस तरह से उन पेड़ों को हम तीन साल तक प्रोटेक्ट करेंगे। इस तरह से बदल-बदल कर तीन साल तक पेड़ों को प्रोटेक्ट करेंगे। इससे उनके अंदर एक ownership feeling आएगा। इस प्रकार से हमने दो लाख परिवारों को एक सौ दिन का रोजगार देने का कार्यक्रम बनाया है।

महोदय, हम इसे 30 जुलाई तक ही खत्म नहीं करने वाले हैं। यह एक प्रयोग शुरू करने वाले हैं। हम आगे फिर 25 अक्टूबर को और फिर 14 फरवरी को इसी तरह के एक-एक करोड़ और पौधे लगाएंगे। आज दुनिया ने इसका नोटिस लिया है और मैं समझता हूँ कि बिहार को एक role model बनना चाहिए और इन्साह अल्लाह, यह बनेगा। आपको मैं बताऊँ कि जो "गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड" है, उसने सूचना भेजी है कि उसकी टीम आ रही है, चूंकि यह घटना देश के अंदर एक अनुकरणीय घटना है, इसलिए वह इसको रिकार्ड करेंगे। इसको visual media के जरिए भी रिकार्ड करेंगे और यह बताएंगे कि यह एक अनुकरणीय घटना है ...(**समय की घंटी**)... । महोदय, समय हो गया, अभी तो मैंने शुरू ही किया है।

श्री उपसभापति : घड़ी आपका साथ नहीं दे रही है, मैं इसमें क्या कर सकता हूँ।

श्री अली अनवर अंसारी : महोदय, मैं यह कहना चाहता हूँ कि हमने इस तरह की चीजें शुरू की है। केन्द्र सरकार ने 2006 में एक बहुत अच्छा कानून बनाया, जो वनाधिकार का कानून है। वह बहुत अच्छा कानून है, लेकिन उसमें बहुत पेचीदगियां हैं, मैं मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूँ। पेचीदगियां ये हैं कि जो Non-Scheduled Tribe हैं, उनको 75 दिन के अंदर 75 साल पुराना रिकार्ड दिखाना पड़ेगा, तब उनको जमीन पर अधिकार मिलेगा। वह 75 साल पुराना रिकार्ड मांग रहे हैं, वह कहां से 75 साल पुराना रिकार्ड लाएंगे। उनको आपने अवैध कब्जा वाला बताया है और वन विभाग के लोग उनको रिकार्ड नहीं दे रहे हैं। हम देखते हैं कि हम दिल्ली और दूसरे बड़े शहरों में ए.सी. में बैठ कर बड़े-बड़े NGOs के साथ तय करते हैं।

जो नुमाइंदे हैं, जो वनवासी हैं, जो जंगलों में रहने वाले लोग हैं, जो उनके संगठन चलाने वाले लोग हैं, उनके साथ मिलकर हम उनके बारे में कोई नीति क्यों नहीं तय करते? उनकी जो Forest Rights Committee बनानी थी, क्या वे कमेटियां अब तक सब जगहों पर बन गई हैं?

श्री उपसभापति : आपको conclude करना पड़ेगा। आप इतने डीटेल में नहीं जा सकते, क्योंकि वक्त नहीं है। हमें 6 बजे हाउस adjourn करना है, क्योंकि लोक सभा का कोई फंक्शन है। The debate has to conclude today, इसलिए आप मिनिमम...(**व्यवधान**)...

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : सर, हर एम.पी. की सीट पर एक घड़ी लगा दीजिए, क्योंकि ये टाइम नहीं देख पाते हैं।

श्री उपसभापति : अब वह करना पड़ेगा, ऐसा लग रहा है। घड़ियां लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जो हर जगह से दिखाई दे सकें ।

श्री जयराम रमेश : सर, मेरा जवाब कल होगा।

श्री उपसभापति : जवाब कल होगा, लेकिन डिसकशन आज खत्म होना चाहिए।

श्री अली अनवर अंसारी : महोदय, जो वन हैं, इसमें पानी बहुत बड़ा कारक है और पानी के बिना जंगल नहीं बचेंगे और जंगल के बिना पर्यावरण भी नहीं बचेगा। महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि 2007 को हमारी केंद्र सरकार ने "जल वर्ष" घोषित किया था। यह हमारे प्रधान मंत्री जी ने घोषित किया था और अभी भी वही सरकार है, वही माननीय प्रधान मंत्री हैं, लेकिन उन्होंने पानी के लिए क्या किया? हमको याद है 1966-67 में बिहार में अकाल पड़ा था और पानी 50 फीट नीचे चला गया था। तब हाहाकार मच गया था, लेकिन आज की स्थिति यह है कि ढाई सौ, तीन सौ फीट नीचे भी पानी नहीं मिल रहा है। ...(**समय की घंटी**)...

श्रीउपसभापति : और ज्यादा वक्त नहीं दिया जा सकता। श्री साबिर अली, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री अली अनवर अंसारी : महोदय, जो 97 फीसदी हमारी आबादी है, उसको हम पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं दे पा रहे हैं। .

श्री उपसभापति : अब आप खत्म कीजिए प्लीज़।

श्री अली अनवर अंसारी : सर, एक मिनट और लूंगा।

श्री उपसभापति : नहीं, एक मिनट, एक मिनट करके आपने तीन-चार मिनट ज्यादा ले लिए हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री अली अनवर अंसारी : हमारा कहना है कि सभी काम छोड़कर पानी का इंतज़ाम करना चाहिए। आप एक साल तक सारा काम बंद करके पानी का इंतज़ाम कीजिए। यह राजधानी पानी की कमी के कारण दौलताबाद से दिल्ली आई थी, और कहीं ऐसा न हो कि दिल्ली से हटाकर फिर कहीं और राजधानी को ले जाना पड़े। ...(**समय की घंटी**)... पानी के लिए लोग तरस रहे हैं, पानी का आप इंतज़ाम नहीं कर रहे हैं। सब काम रोक कर आप यह काम कीजिए। पानी के बिना कोई काम नहीं होगा, न जंगल बचेंगे, न पेड़ लगेंगे। आपको पानी का इंतज़ाम करना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRIMATI KANIMOZHI (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, I would like to start with a quote of Dr. Amartya Sen. He said, "Development in its true sense is an enabler of human freedom and well being rather than a mere enhancement of inanimate objects of convenience. It is inseparable from environmental, ecological concerns such as clean air, water, epidemic-free surroundings and the preservation of all life forms."

Sir, I think, it is very important that all our policies have to take into consideration the environment. Every policy, every change, every step-forward, every developmental activity, every industry started in this country, education and everything has to work with the consciousness and awareness of conserving the environment. It has to become an inlerginal part of our policies, a part of the working of the Government. That is when actually we can really protect this environment and we can leave a better world, or, at least, a world which is not worst than what it is today, to our children.

I do not intend to hurt anybody's feeling. But when we are talking about what the developed nations have done to the environment and that they have created so many hazards and problems to the environment. Of course, I congratulate the Minister for standing up to the developed nations and saying that they cannot tell us what we should do. But we should also remember that there is no ozone which is an American ozone, Chinese ozone, or, Australian ozone. It belongs to everybody. So, it is very important that we take care to protect it.

When the environment is not preserved, its hazards are first felt by the poorer sections of the community. Rich people and the rich countries are affected only later by it. It is the poorer sections which are affected first by these hazards. For example, when there is water scarcity, it is the poorer sections of society, it is the under-privileged people who are affected most; and it is the women who have to bear the brunt. It is she who to bear the burden of collecting water whether it is by standing in queues in front of the water tankers or the community hand pump or by walking the extra mile to fetch water which has become very scarce.

Sir, unlike the AIADMK, I would like to join and I associate myself with them when they congratulate the Minister for letting the Coastal Zone Regulation Act lapse. ...*(Interruptions)*...

DR. V. MAITREYAN: She is conveying it to the Minister, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. She is conveying it to you. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, I am glad what the AIADMK and the DMK did today.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: On the issue of environment, all are one. ..*(Interruptions)*..

SHRIMATI KANIMOZHI: Unlike the fishermen's issue

Sir, in the past few decades, nearly 700 square kilometers of forest area has been depleted. It has been wiped out. We have to understand one thing. We can't talk about greening India, losing our forests. Like Mr. Maitreyan, when he spoke, I would like to say that whatever is the number of trees that is going to be planted, or whatever efforts we have put in, nothing can be compared to the forests, natural forests. We can just plant trees. We can try to replace them with adaptable common species. But the rare interior forest species can never be replaced.

5.00 P.M.

So, we have to take care that forests are protected. Nothing can replace forests. No amount of planting trees or duplicating them can ever replace forests.

Then, Sir, habitat fragmentation is also another problem. We try to have human settlements, highways, dams, mines and development projects inside the forests. It is a bigger threat to the forest conservation. And, because of this habitat fragmentation, there is a lot of human and wildlife conflict, as hon. Members have pointed out here. I would like to quote the example of elephants. These days, elephant-human conflict has become quite common. It is just not enough to protect the elephant habitat. We also have to protect the pathways. They are a migrant species. Elephant migrates from one sanctuary to another. So, the pathways also have to be protected. They enter into the fields or villages. It is not their fault. These are their traditional ways which they are used to going through. So, we have to find out ways to protect these pathways also. Otherwise, this conflict will continue and it is, of course, the animal which will lose in this conflict.

Sir, it has always been said that protection of forests is a State subject. But, the Central Government has to bear the responsibility because of the enactment of the Forest Conservation Act of 1980. One thing I would like to point out here is because conserving the forests is not a revenue-yielding project, many of the State Governments are not interested in recruiting people any more. So, most of the forest guards are over-aged. Protecting the forest needs a lot of hard work. They have to walk through the terrains. You need younger people to come into this force. Like the Railway Protection Force, a Forest Protection Force also has to be created.

Then, Sir, there are poachers and a lot of illegal smugglers, *gaanjza* cultivators, etc. All of them occupy the forest area. When this happens, we have to actually find out other ways of surveillance in forests, like helicopters can be provided. Not enough money has been put into this. Not enough has been done to make it easier for them to protect the forests.

A beat in the forest area is around 6000-8000 ha. It is not possible for one Forest Guard and one Forest Watcher to actually walk through this vast area and protect it. At present, this is the set up. In the absence of Forest Guard, the Forest Watcher has no legal powers. He is not even allowed to use walkie-talkie. Their salaries are very meagre. That, definitely, also has to be looked into.

Dr. Chandan Mitra spoke about the African Cheetah being introduced in India. We have to understand that many such species of India have already been wiped out. There are so many species which are endangered and have to be protected. The Ministry's own report says that 16 out of 37 reserves are in poor condition. The Ganges river dolphins are also on a decline. The population of wild buffalo is declining. The rusted spotted cat, which is the smallest cat in the world, is also coming in the endangered category. And we are not able to protect leopards. In

this situation, we have to understand this when we bring in something from outside and that too from Africa. Already, it has its own gene pool problem, because it does not have a large enough pool. It is already in unhealthy condition. So, bringing in only four-five species can lead to inbreeding.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRIMATI KANIMOZHI: Just two more minutes, Sir.

I would also like to draw the attention of the Ministry towards e-waste, which is a big problem in the country. Over two million old PCs are ready for disposal in India. Apart from that, many countries, in the name of charity and re-use, have been using India as a dumping ground. Lots of hazardous materials are coming here like mercury, lead, etc. It is said that if a woman comes in contact with mercury, it can even affect the foetus in the womb. Of course, India is becoming a dumping ground for medical waste also. I think that we should put a ban on dumping e-waste by developed nations in our country. We should adopt the Extended Producer Responsibility, which many other countries are looking into.

I have to make two requests for my State, Tamil Nadu. One is to set up a solar power plant with a capacity of 250 MW in Tamil Nadu. Tamil Nadu is one of the major producers of renewable energy.

Tamil Nadu has got the first Centre for Climate Change and Adaptation Research at the Anna University. If the Ministry of Environment and Forests extends its support to this Centre, it will not just encourage it but also help it in growing. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Praveen Rashtrapal, you have ten minutes.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL (Gujarat): Sir, I will take a little more than ten minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. This is as per the time allocated to your party.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: Thank you, Sir. I am going to make two-three specific points on the subject, which is the Ministry of Environment and Forests. When we talk of forests, we need not only talk about trees and animals. We should also talk of people who reside in forests. If the entire tribal population of the country is taken into account, it will be nearly ten crore people.

According to my information and knowledge, tribals are normally residing either in forest or hilly areas which are the most uncomfortable places as compared to urban India. They face all the difficulties; they stay there without hospital; they stay there without schools; they stay there without clean drinking water facilities; they stay there without roads and railways. It means, they suffer maximum and they are not allowed to eat the fruits of trees and fruits of forests. So, I want to refer to a small paragraph from the book written by David Hardiman : Powers in the Forest : The Dangs 1820-1940. Sir, the Dangs is the famous forest in Gujarat. And when I am

talking about forest, I will talk about Dangs and Gir which are situated in the State of Gujarat. I am extremely sorry that people have referred to tiger, but, nobody has referred to the great lions who do reside in my neighbourhood, that is, in my State of Gujarat. Gujarat is also proud of its Capital Gandhinagar which is known as city of trees. To put the record straight, Gandhinagar is the only city in our country established after 1960, which has more trees than the population of the city. When the city was planned, proper care was taken by the Indian planners, particularly the Government of the day that there is residential area, there is office area, there are gardens, open plots and specific plots where trees were planted. And, thousands and thousands of trees of various varieties were planted from 1963-64 when the Capital was under construction. Now, today, it has become a beautiful city, a city of trees known as Gandhinagar. That particular quotation reads as, "The history which has emerged has, more often than not, provided a tragic chronicle of uncompensated expropriation of common resources, of arrogant and unsympathetic administration by the colonial state, of loss of livelihood, cultural trauma and great suffering for the forest people. The process often led to resistance and revolt, invariably quelled with harshness." It shows that the Britishers were harassing the forest dwellers. But, after Independence also, that harassment has not stopped. With due respect to various services like Indian Administrative Service, Indian Foreign Service, Indian Forest Service, Indian Revenue Service, etc., after Independence, the services with uniform have not progressed as compared to the services without uniform. And, the maximum harassment to the tribal dweller, particularly the poor tribal, comes from the Forest Officers. I would request the hon. Minister to please look into the powers of the Forest Officer, the powers of the smallest forest employee in the rural Gujarat, the rural India. Now, let me inform you how this system of harassment from a particular Department is utilised by another Department to take away the right of land of the poor people. For example, there is a legislation that if there is a wasteland which can be cultivated, then, that land should be given by the Government to the people who do not own land. Now, this is the legislation. There are Districts and Talukas in my own State, where hundreds of acres of land is there which can be cultivated but not to give it to poor people, the administrative department of Talati and Sarpanch etc. join together and hand over this land to Forest Department. Now, in a way, it is a good idea that if the land is given to the Forest Department, they will plant a lot of trees and that land will be converted into a beautiful forest so that it will have environmental effect, it will cause more rains in the areas, etc. But, that is not happening. The Forest Department is not doing any activity and it is not allowing that land to be handed over to the poor people. The Central Government should intervene there. Luckily, the subject 'forest' is in the Concurrent List. In a way, it is a good thing that the Central Government can intervene anywhere in the State. If they can intervene in the case of tiger, they should intervene in the case of land which is given to the Forest Department. The Forest Department is not doing any

activity. Then, why shouldn't it be given to the landless Dalits, the landless Tribals and the landless Kisan for cultivation?

Sir, the retired Chief Justice of the Rajasthan High Court, Mr.A. P. Rawani, has written a booklet in which he has brought out a story of exploitation of Tribal kings after independence. If there were rajas in Baroda, in Bhavnagar, in Jaipur in Rajasthan and in Madhya Pradesh, there were also rajas in Tribal areas. We had 19 kings in Dang. They were known as Bhil Rajas. According to the research book written by the retired Chief Justice of the Rajasthan High Court — you will be shocked to know it; it is on the records of the Indian Parliament; and I brought a Special Mention in the month of April, 2008 — when all other rajas signed the accession with the Government of India, the Bhil Rajas did not sign the accession with the Government of India; and automatically it was understood that there was no necessity for the signatures of the Bhil Rajas because they were uneducated, they did not know how to sign and they did not know how to write. Till today the Tribal chiefs, for your information, were not defeated by the Britishers; the Tribal chiefs, for your information, were not defeated by the Gaekwads in Gujarat. They were independent, but they had merged with the country. What is their pension today? It is Rs.2, Rs.15 like that. Instead of privy purse what the Tribal chiefs in Gujarat are getting is also pension. It is known as political pension. In spite of my Special Mention made on 23rd April, 2008 in the Rajya Sabha, where I had raised ten issues about these Tribal chiefs, I am yet to get a reply from the Government of India. I request the hon. Minister to kindly go through that Special Mention and see to it that an approrpriate reply is given.

Similarly, I come to another Special Mention made by me on environment because today I am talking of both forest and environment. It was made in the month of May, 2007. The exact date is 9-5-2007. What was that Special Mention? It was about the Union Carbide.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have two more minutes, Mr. Rashtrapal.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: Two minutes!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, two minutes are left.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: You don't go by minutes, Sir. You see the issue. It is a question of life and death.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. You may have an issue. But your party has got another twenty minutes. I don't mind if you take that time. But there are still four Members to speak.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: You will allow me my ten minutes.

MR. DEPUTY CHIARMAN: I can't allow you, Mr. Rashtrapal.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: That can be done. I was told that I would get ten minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am giving you ten minutes.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: My Chief Whip told me that I was to speak for ten minutes. *(Interruptions)*... बोलने तो दीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप intervene करते हो, टाइम खराब होता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : अरे! आपको 10 Minutes दिए गए हैं।

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: Don't count this time in that ten minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. I will deduct this one minute.

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: So, a decision was taken by the Government of India that the Union Carbide waste of 386 metric tons would be taken to Ankleshwar in Gujarat and to another place in Madhya Pradesh and then it would be burnt. It was I who objected to it. I was given a reply by the Ministry, "You need not worry. Nothing will happen. There will be no environment problem, no pollution problem". But even now it is not burnt. So, why did they give me a wrong reply? There was a people's protest at the time of Gujarat Assembly elections and a decision was taken that it would not be burnt. Now, I want the hon. Minister to inform this House as to what happened to the Union Carbide waste. Where is it lying, whether it is in Madhya Pradesh or whether it is in Ankleshwar or whether it is in another place near Indore? Let the people of this country know that the Union Carbide waste will not be allowed to be burnt in this country, which will create a problem of pollution. All said and done, both forest and environment are interrelated. इसकी मिल्कियत जब से सरकार ने अपने हाथ में ले ली, जिसका उसके ऊपर अधिकार है, उस वनवासी को तकलीफ़ होती है, वहां रहने वाले को तकलीफ़ होती है, वह अधिकार उसको वापस देना चाहिए। जमीन पर किसी का अधिकार नहीं है, पूरे देश का अधिकार है। इसी तरह जंगल पर अगर पहला किसी का अधिकार है तो जंगल में रहने वाले आदिवासी का अधिकार है, वनवासी का अधिकार है, फारेस्ट ड्वेलर का अधिकार है और वह अधिकार कानून पास करने के बाद में भारत सरकार ने नहीं दिया है, इस बात का मुझे दुख है। मैं वह फिगर देकर मैं अपनी बात खत्म करता हूं। Sir, I put a straight question to the Government, on 13th July, 2009. After the legislation of the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006, there were 1,63,000 applications in Gujarat. How many people were given *pattas*? Only 1,997 people were given *pattas*. There were 2,45,000 applications in Maharashtra. How many people got pattas? Only 15 people got *pattas*. There were 3,43,148 applications in Madhya Pradesh. How many people got *pattas*? Only 24,571 people got *pattas*. If this is the state of implementation of a very popular legislation passed by the Government of India in the year 2007, when they took one year to frame rules, how are you going to implement other forest and environment laws? That is my question to the hon. Minister. Thank you.

श्री राजीव प्रताप रूडी (बिहार) : धन्यवाद सर। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय पर बोलने का मुझे मौका मिला है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हम इस बात को स्वीकार करते हैं कि जहां तक इसके दायरे का सवाल है, आज भारत दुनिया में सातवें स्थान पर है। पूरे भारतवर्ष में जो वन क्षेत्र है, वह लगभग 1.8 प्रतिशत है। हम

लोगों ने अपना टारगेट बनाया है, कहा है कि इस देश में 33 फीसदी वन क्षेत्र होना चाहिए। लेकिन गौरतुल्य विषय यह है कि 1988 में जहां हमारा वन क्षेत्र 19.39 था, वह 2005 तक बढ़कर 20.64 हुआ, यानी पिछले पूरे तीस वर्ष में हम मात्र 1.24 प्रतिशत बढ़ पाए। यह विषय उठता है कि पर्यावरण के बारे में हमारी जो चिंता थी, सामान्य रूप से पिछले चालीस वर्षों में हम लोगों ने जब भी चर्चा की है, हम पौधे से शुरू करते हैं, वन से शुरू करते हैं। हम आज तक दुनिया में इस पर अपनी टिप्पणी करते रहे हैं और वन के बारे में चर्चा करते हैं कि वन का वृद्धिसार नहीं हो रहा है। जब जन जीवन के बारे में चर्चा होती है, वाइल्ड लाइफ के बारे में चर्चा होती है, तो हम बहुत सारे पशुओं के बारे में, जानवरों के बारे में, चिड़िया के बारे में, बायो डाइवर्सिटी के बारे में बात करते हैं। अगर हम मानक के तौर पर लें तो कहते हैं कि आजादी के बाद लगभग चालीस हजार जो लॉयन्स थे, वे घटकर चौदह सौ रह गए हैं। यह चिंता का विषय है। हम लोगों ने अभी हाल-फिलहाल पार्लियामेंट में भी लंबा डिसकशन किया था, जिसमें पन्ना के टायगर्स के मारे जाने की खबर थी और उसके बाद सरिस्का में भी टायगर्स के मारे जाने की खबर थी, लेकिन यह सब पर्यावरण का एक मानक है। हम इसके तहत चर्चा आगे ले जाना चाहेंगे। भारत अपने आप में बड़ी विरासत है। हमारे पास पहाड़ हैं, हमारे पास स्नो पीक्स हैं, हमारे पास नदियां हैं, हमारे पास वेस्ट लाइन्स हैं, हमारे पास डेजर्ट्स हैं, हमारे पास चेरापूंजी है, जहां दुनिया की सबसे ज्यादा बारिश होती है। महोदय, आप देखेंगे कि हमारे पास बड़ी सी कोस्ट लाइन है। एक प्रकार से प्रकृति हमारे साथ है। यह हमारे देश का अभिन्न अंग है। क्योंकि सदन में बार-बार क्लाइमेट चेंज की तुलना होती रहती है और हम बार-बार इस पर चर्चा करते हैं। अभी इसकी तुलना करें तो जो मूल विषय है, मैं उस पर आना चाहूंगा। हमने देखा कि चर्चा हुई और अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई, कई राज्यों में अकाल की परिस्थितियां हैं, उसके कारण देश भर में एक तबाही का वातावरण है। हमारा फूड क्रॉप्स कम होने की स्थिति में है, यह चर्चा है। यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है और हम इसे क्लाइमेट चेंज से जोड़ते हैं । अगर आज से चालीस वर्ष पहले यह घटना होती तो हम शायद इस बात की चर्चा नहीं करते कि यह पर्यावरण से जुड़ा हुआ है, लेकिन आज इस विषय पर कहीं न कहीं एक नया मानक आया है, जिसे हम क्लाइमेट चेंज कह रहे हैं और क्लाइमेट चेंज में जिस प्रकार से तापमान ऊपर जा रहा है, उसके आधार पर कह रहे हैं। महोदय, अगर मैं छोटा सा विषय उठाकर देखूं तो आज से पंद्रह-बीस वर्ष पहले बिहार में बहुत बाढ़ आती थी, तो हम यह मानकर चलते थे, उस समय हम कारण बताते थे कि आज नेपाल के बीच में, नेपाल के भीतर कोसी की घटना हुई, जिसमें लगातार बाढ़ आ रही है और लाखों लोग बेघर हुए। हम लोग यह कहते थे कि नेपाल की तराइयों में, नेपाल के पहाड़ों में वृक्ष पातन हो रहा है। Deforestation हो रहा है, जिसके कारण जब वहाँ बारिश होती है, तो उसके catchment area में पानी नहीं जम पाता है और silt के साथ, रेत के साथ, नदियों का प्रवाह भर देता है और उसके कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। हम यह मान कर चलते थे, यह एक fact भी है कि पेड़ का पातन हो रहा है, पेड़ काटे जा रहे थे, siltation on था, जिसके कारण रेतों का जमाव बिहार और उत्तर प्रदेश की नदियों में हो रहा था, लेकिन अब हम लोगों ने उसमें जोड़ा है कि नहीं, सिर्फ यही एक कारण नहीं है। शिखरों पर जिस प्रकार से बर्फ पिघल रही है, बड़ी मात्रा में बर्फ पिघल रही है, उसके कारण भी, यह एक additional factor है, जिसके कारण प्रकोप है। प्राकृतिक प्रकोप के कई कारणों में से, पहले वन का पातन था, उसके साथ हम लोगों ने temperature को भी जोड़ा है और जो temperature rise का विषय है, इसको भी हम लेकर चलते हैं।

महोदय, अब मैं उसी विषय पर आना चाहूँगा, क्योंकि बाकी विषयों के बारे में बहुत चर्चा हुई है और सामान्य रूप से सभी सदस्यों ने चर्चा की है। हम climate change किसे कहते हैं? Climate basically वह है,

कई वर्षों तक जो सामान्य मौसम रहता है, उसको हम climate मानते हैं और जब सामान्य मौसम में एक अवधि के भीतर परिवर्तन होता है, तो उसे हम climate change कहते हैं। इसी कारण climate change का definition दिया गया है। महोदय, अगर हम वर्ष 1000 से शुरू करें, तो वर्ष 1000 से लेकर वर्ष 1900 तक temperature का जो अनुपात था, वह लगभग -0.5 प्रतिशत था। इसलिए लगभग 900 वर्षों तक इस देश में, इस दुनिया में कोई परिवर्तन नहीं था। 1900 के बाद जो temperature का अनुपात -0.5 प्रतिशत था, वह threshold पर पहुँचा और लगभग 1950 के आसपास आकर 0 डिग्री सेल्सियस हुआ। जिस temperature की बात हम कर रहे हैं, यह 1950 से शुरू हुआ। आज 2009 में आकर जो हमारा base level था, उस temperature की वृद्धि पूरी दुनिया में 0.74 डिग्री सेल्सियस है। यह पिछले 50 वर्षों की कहानी है। महोदय, अब अगर हम यह विषय आगे बढ़ाएँ, तो उसी 1955 में पूरी दुनिया में जो carbon emission था, वह 1.5 बिलियन टन था, 2005 में आकर यह carbon emission लगभग 7.5 बिलियन टन हो गया और हम जो 2055 में बात कर रहे हैं, यह लगभग 14 बिलियन टन हो जाएगा। जब यह 14 बिलियन टन हो जाएगा, तो उस समय इस दुनिया का तापमान लगभग 4 से 5 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ जाएगा। अब यह विषय हम लोग स्वीकार करते हैं कि जो carbon emission हो रहा है, उसके कारण जो परिस्थिति उभर कर आई है, आखिर इसके कारण क्या हैं? मूल रूप से क्यों इतनी वृद्धि हो रही है, carbon emission क्यों हो रहा है? इसका मुख्य कारण है कि जो fossils हैं, जैसे तेल, कोयला, गैस, हमारी जो प्राकृतिक सम्पत्ति है, हम उसका दोहन कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर दोहन कर रहे हैं और पूरी दुनिया यह मान कर चलती थी कि दोहन के बाद ये खत्म नहीं होंगे, ये समाप्त नहीं होंगे, लेकिन अब दुनिया का भी यह मानना हो रहा है कि एक समय के बाद ये लुप्त हो जाएंगे। वैसी परिस्थिति में, जब ये लुप्त हो जाएंगे, तो वैकल्पिक चीजों के बारे में हमने सोचना शुरू किया। लेकिन अगर इस दुनिया में सबसे ज्यादा प्रभाव हुआ है, तो fossils overuse से, industrialization से, हवाई जहाज की यात्रा से, transportation से, गाड़ियों से, modern lifestyle से, housing infrastructure से, real estate से, घरों के निर्माण से, गाड़ियों से, air-conditioner से, इस प्रकार से infrastructure के लिए अपनी आम सहूलियतों के लिए हम लोगों ने जो उपभोगवाद को बढ़ाया है, उसके कारण निरन्तर इस कार्बन डाई-ऑक्साइड emission का विस्तार हुआ है। आज हम पूरी दुनिया में मानते हैं कि प्रत्येक वर्ष CHG, जो ग्रीन हाउस गैसें हैं, उनका emission लगभग 2.4 प्रतिशत की दर से प्रत्येक वर्ष बढ़ रहा है। अब इसका परिणाम क्या है? पूरी दुनिया में हम देख रहे हैं कि लगातार इसका परिणाम हो रहा है। अगर हम लोग समुद्र की तरफ ध्यान दें, तो वहाँ पर देख रहे हैं कि पूरी दुनिया में यह स्थिति हो रही है कि लगभग 40 द्वीप देश विलुप्त होने की स्थिति में हैं और भारत के भीतर भी हो रहा है। अंडमान और निकोबार आईलैंड्स के कई आईलैंड्स के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। लक्षद्वीप के कई आईलैंड्स पर खतरा मंडरा रहा है। यहाँ तक कि सुंदरबन में दो ऐसे आईलैंड्स हैं, जो गायब हो गए हैं। वहाँ के लगभग 6 हजार लोग इर्द-गिर्द दूसरे स्थानों पर जाने के लिए मजबूर हो गए। महोदय, अगर यही स्थिति रही और इस समुद्र तट की जो बढ़त हो रही है, उससे साउथ ईस्ट एशिया और एशिया के बहुत सारे देश प्रभावित होंगे। इससे बंगलादेश भी प्रभावित हो रहा है। अगर यही सिलसिला चलता रहा, तो बंगलादेश में लगभग 50 मिलियन लोग प्रभावित होंगे। अगर वे विस्थापित होंगे, तो स्वाभाविक रूप से वे कहाँ आएंगे? स्वाभाविक रूप से वे भारत में आएंगे। तो कहीं न कहीं अंतर्देशीय और अंतर्राष्ट्रीय विषयों के कारण तापमान में बहुत परिवर्तन हो रहे हैं। सार्डिन्स, जो अपने आप में बहुत पौष्टिक मछली है, जो अरेबियन सी में मिला करती थी, लेकिन वहां पर तापमान में वृद्धि हुई तो वह चल करके बे ऑफ बैंगाल में पहुंच गई। तो प्राकृतिक व्यवस्था जो है, वह गड़बड़ा रही है। लक्षद्वीप के कोरल्स मरते जा रहे हैं। दुनिया भर के लोग मेरीन लाइफ के बारे में बात करते हैं, वह कोरल्स मरते जा रहे हैं। ग्लेशियर्स लगातार पिघलते जा रहे हैं और उनकी थिनिंग के कारण आज पूरी दुनिया में पानी का संकट पैदा हो रहा है। हम सब

जानते हैं कि दुनिया में मिलने वाले सारे पानी का 3% ही पीने योग्य है। आज दुनिया में लगभग तीन बिलियन लोग पानी के लिए अभावग्रस्त हैं। इस पूरी पारिस्थितिकी में आप देखेंगे कि तापमान बढ़ने से क्या हो रहा है। हिमाचल प्रदेश के निचले इलाके में जो सेब की फसल हुआ करती थी, तापमान बढ़ने से वह आहिस्ता-आहिस्ता ऊपर जा रही है और नीचे वाले लोगों पर उसका प्रभाव पड़ रहा है। जहां तक गेहूं की फसल का सवाल है, अगर दुनिया का तापमान एक डिग्री सेंटिग्रेट भी ऊपर चला गया तो दुनिया में चार से पाचं मिलियन टन गेहूं का उत्पादन कम हो जाएगा। स्वाभाविक रूप से ऐसी परिस्थिति भुखमरी का कारण बन सकती है।

भारत के अंदर 15 से 30 प्रतिशत ऐसा स्थान है, जिसे very dry line कहते हैं। जहां तक रेगिस्तान का सवाल है, प्रत्येक वर्ष भारत की धरती 15,000 स्क्वेयर किलोमीटर रेगिस्तान में परिवर्तित हो रही है। आखिर में यह पूरी परिस्थिति जो उत्पन्न हुई है, इसके लिए जिम्मेवार कौन है? क्या हम जिम्मेवार हैं?

मंत्री जी जानते हैं कि दो बड़े प्रोटोकोल माने जाते हैं, One was the Montreal Protocol; the other was the Kyoto Protocol. महोदय, मेरे पास पंद्रह मिनट बचे हुए हैं, जिस विषय पर मैं आना चाहता हूं, अब मैं वहां पहुंच गया हूं। मॉंट्रियल प्रोटोकोल उस समय हुआ, जब हम बात करते थे कि दुनिया में Ozone layer depletion हो रहा है। विकसित देशों ने कहा कि कैंसर का प्रभाव बढ़ रहा है, leukaemia बढ़ रहा है और यह इसलिए हो रहा है कि अल्ट्रा वायलेट रेडिएशन इंसान पर आ रहा है। इस रैडिएशन का स्वरूप बढ़ता जा रहा है, इसलिए उसे रोकना है। जब पूरी दुनिया के लोगों ने कहा कि उसे रोकना है, तो 1930-40 में विकसित देशों ने इसके लिए नहीं कहा। इस पूरे पर्यावरण को जो सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है, वह है CFCs में, Refrigerators में, Air Conditioners में जिस गैस का उपयोग किया जाता है, लेकिन विकसित देशों ने इस बात को भी नहीं माना कि इसके कारण मानव जाति पर प्रभाव पड़ रहा है। इस बात को उन्होंने तब तक नहीं माना, जब तक उनके पास Freon का CFCs का कोई सब्स्टीट्यूट नहीं निकल गया। जब उनके पास सब्स्टीट्यूट निकल गया, तब उन्होंने कहा कि हम इस बात को स्वीकार करते हैं और मॉन्ट्रियल प्रोटोकोल पर साइन करते हैं।

अब हम आगे बढ़ते हैं, 1990 के शतक में, मॉंट्रियल प्रोटोकोल पर हस्ताक्षर हुआ और निश्चित रूप से उस समय से इस पर काम शुरू हुआ और CFCs के जो एमीशन्स थे, उन पर हम लोगों ने कंट्रोल किया और जिसमें हम कामयाब भी हुए। यह एक अलग प्रोटोकोल है। लेकिन कहीं न कहीं विकसित देशों ने अपने हिसाब से ही उसका उपयोग किया।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे.कुरियन) पीठासीन हुए]

महोदय, अब हम क्योटो प्रोटोकोल पर आते हैं। अचानक पूरी दुनिया को लगने लगा कि कार्बन एमीशन ज्यादा है, टेम्परेचर बढ़ रहा है। अगर आप पूरी दुनिया का एवरेज निकालें, तो यह टेम्परेचर बढ़ाने का काम, कार्बन एमिशन सबसे ज्यादा इस दुनिया में यदि कोई कर रहा है, तो वह सबसे पहला स्टेट है, जिसका नाम है यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमैरिका। आज वह प्रतिव्यक्ति 20 टन कार्बन एमिशन करता है। उसके बाद कोई देश है, तो वह रशिया है और उसके बाद यूरोपियन यूनियन का नम्बर आता है, जो प्रति व्यक्ति 9.4 टन करता है, जापान प्रति व्यक्ति 9.87 टन करता है। भारत में हम कितना करते हैं, भारत में हम प्रति व्यक्ति 1.4 टन कार्बन एमिशन करते हैं। वर्षों से कार्बन का एमीशन, जो विकसित देश कर रहे थे, आज जब उसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ा, तो भारत के आंकड़े भी सामने आ गए। इसका वर्ल्ड एवरेज 4.4 टन प्रतिव्यक्ति के आसपास है।

अब इसमें देखिए, सबसे महत्वपूर्ण विषय अब आता है। भारत सरकार ने इसके लिए क्या किया? वर्षों तक इस बात की चर्चा चल रही थी, कई कन्वेन्शन्स हुए, कई प्रोटोकोल हुए, यूएन कॉन्फरेंस हुई, हमारे प्रधान मंत्री जी को भी इस बात की पूरी जानकारी है। प्रधान मंत्री जी अभी गए, ला अकिला इटली में। उसे कैसे प्रोनाउंस करते हैं, ला अकीला या ला टकीला ...(**व्यवधान**)... ठीक है, ला एक्वीला। So, the Prime Minister went to L'Aquilla. वर्षों से यह कहा जाता रहा कि, साहब, हमारा स्टैंड है कि हम अपने टैम्परेचर को कैप नहीं करेंगे। हमारा स्टेटिड पोज़ीशन है कि, "We will not accept it". Finally, for the first time in Indian Protocol on Environment, it was decided and the Prime Minister said, कि पूरी दुनिया यह कह रही है, सब लोग कह रहे हैं, कुछ साइंटिस्ट भी कह रहे हैं। कोई मानक नहीं, कोई टिप्पणी नहीं, कोई विश्लेषण नहीं, प्रधान मंत्री जी ने जा करके उस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पूरी दुनिया को कह दिया कि भारत 2 डिग्री सैंटिग्रेट को स्वीकार करता है।

हम प्रधान मंत्री जी से पूछना चाहेंगे कि क्या आपने अपने मंत्रालय से बात की, क्या आपने पर्यावरण मंत्रालय से बात की, क्या आपने अपने साइंटिस्ट्स से बात की और क्या आपने निर्णय लेने से पहले उससे सम्बन्धित लोगों से बात की? आपके मन में यह आया, क्योंकि आप दुनिया के सामने अपनी वाहवाही लूटना चाहते हैं और आप कहते हैं कि हम दुनिया के साथ चलेंगे, इसलिए आपने सहमति प्रदान कर दी। आपने ड्राफ्ट में डाल दिया और आप क्या कहते हैं? आप यह कहते हैं कि यह हमारा aspiration है। It is not our final decision; it is our aspiration. Now, you are talking about the country. Now, see, what are the implications? Sir, another very interesting thing is happening. What is happening is, the Prime Minister, who is a very respected Prime Minister, जो आप सब को यहाँ दोबारा लेकर आए हैं, यह जब-जब बाहर जा रहे हैं, तब-तब अपने मंत्रालय से - जब यह विदेश-नीति पर गए, बलुचिस्तान पर चर्चा करके आए, लेकिन विदेश मंत्रालय से बात नहीं की। पर्यावरण पर गए, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय से बात नहीं की, उसे छोड़ दीजिए। उन्होंने अपनी पार्टी से बात नहीं की, उसे भी छोड़ दीजिए। पार्लियामेंट से बात नहीं की और विपक्ष को तो पूछने का काम ही नहीं है, क्योंकि यह दोबारा सरकार में आ गए। प्रधान मंत्री जी को जरूरत ही महसूस नहीं हुई कि किसी को इस मामले में confidence में लिया जाए। खैर, यह इनकी अपनी बात है और हम इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहेंगे। लेकिन, ...(**व्यवधान**)... नहीं, वह ठीक है, मैडम। आप मान सकती हैं, वह ठीक है।

सर, अब विषय यह आता है कि आखिर में हम हर जगह, for the last two occasions, we have been going as a victim, कि हम victim हैं, हम परेशान हैं और वहाँ से हम आरोपी के रूप में लौट रहे हैं। We are going as victims and coming back as accused. ...(**व्यवधान**)... हाँ, हम मुद्दई बन कर गए थे और आरोपी होकर आ रहे हैं। दुनिया में ऐसा कहीं नहीं हुआ होगा कि at the Prime Ministerial level, a delegation goes, and you are made an accused on two occasions, and two international protocols are signed like that. Now, the question arises, are we responsible for it? How have you agreed to this 2 degrees? This is called differential responsibilities. Why should we become a part of your differential responsibility for a wrong which you have been doing for two hundred years? आप एक पाप करते हैं, उस पाप का जुर्माना आप पाँच रुपए देते हैं और जिस पाप को हमने नहीं किया, उसके लिए आप हम पर सौ रुपए का जुर्माना लगाने की तैयारी कर रहे हैं। आखिर यह कहाँ का न्याय है? यह कैसा न्याय है कि आप उस क्रम के लिए हमारे ऊपर इतना बड़ा आरोप लगा रहे हैं? आज उपभोक्तावाद कहाँ है? How much power do we consume? आज तक हमारे देहात में 70 प्रतिशत लोग--

क्या प्रधान मंत्री जी को यह पता नहीं था कि 80 प्रतिशत लोग इस देश के सौ रुपए के भीतर जीते हैं? क्या प्रधान मंत्री जी को यह पता नहीं था कि दुनिया के most malnourished children and women, one-third of them, live in India. क्या उनको यह पता नहीं था कि child-birth में, सब-सहारा से ज्यादा, अगर पूरी दुनिया में महिलाएँ मरती हैं, तो वह भारत में मरती हैं? क्या इनको यहाँ की गरीबी के बारे में जानकारी नहीं थी? कल अगर मुझे छपरा में एक पावर प्लांट लगाना हो, तो क्या आप कल इस text की सहमति प्रदान कर देंगे? कल आप कोपेनहेगन जाने की तैयारी कर रहे हैं। मंत्री जी, यह पता नहीं कि आपने टेक्स्ट बनाया होगा, आपका वह NetComm किस काम आएगा? आप कोपेनहेगन में जाएँगे, आपके सामने वह पत्र फेंका जाएगा। उस समय प्रधानमंत्री जी वहाँ नहीं होंगे और आपको यह कहा जाएगा कि आपके प्रधान मंत्री ने 2 degrees Centigrade की सहमति प्रदान की है। उस दिन आप क्या कहेंगे, महोदय? उस दिन इस देश के लोगों को आप क्या कहेंगे, क्योंकि आपने तो उसी फोरम में स्वीकार कर लिया है? Why should we go for 2 degrees? Where is this calculation? Why can't it be staggered? अगर हम 2 degrees Centigrade की बात मान भी लें, तो हम कितना भी कार्बन जलाएँ, कितनी भी गाड़ियाँ चलाएँ, कितना भी नुकसान करें, लेकिन, हम वहाँ पहुँच ही नहीं सकते हैं। तब आपने इसे स्वीकार क्यों किया? क्योंकि, आप दूसरे देशों की liability अपने ऊपर लेना चाहते हैं। महोदय, हम कुछ भी कर लें, किसी भी स्थिति तक चले जाएँ, हम अगर इसे चार डिग्री कह दें या पाँच डिग्री कह दें, लेकिन हमारे पास उतनी कैपेसिटी कहाँ है, हमारे पास उतना धन कहाँ है, हमारे पास उतनी टेक्नोलॉजी कहाँ है? महोदय, हम चाह कर भी यह नहीं कर पाएँगे। Then, we have taken an onus of the world. It is a liability of the world being imposed on the developing nations. How can we accept it, Sir? Carbon Sink, सबसे बड़ी बात यह है कि अगर आप विकसित देशों से बात कीजिए कि हम फॉरेस्ट का विकास करना चाहते हैं, हम बड़ी-बड़ी पौधशालाएँ लगाना चाहते हैं, पेड़ लगाना चाहते हैं, तो विकसित देश कहेंगे कि यह हमें स्वीकार्य नहीं है, we will not support you in your carbon credit for all these things, पेड़ लगाना कोई बड़ी बात नहीं है। उनको यह चाहिए कि आप wind-mills लगाएँ, उनको चाहिए कि आप solar-energy plants लगाएँ। इस प्रकार वे आपको उसी में मदद करेंगे, जहाँ उनकी अपनी टेक्नोलॉजी बिक सके। आप तो naturally conservation कर रहे हैं। भारत ने तो उनके प्रोटोकॉल पर साइन करने से पहले ही इस पर काम शुरू कर दिया था। हमारा Forest Conservation Act पहले आया, हमारा Environment Protection Act पहले आया। यहाँ तक कि the Supreme Court also started regulating the coastal zones. We have got into that preservation much before any international protocol has been signed. Are we being appreciated for that? Instead, we have been made to sign an agreement or to head towards signing an agreement which can be retrospectively affecting the welfare of the country. Here is a situation. महोदय, कार्बन क्रेडिट की बात करते हैं। कार्बन क्रेडिट उन्हीं चीजों के लिए देना चाहेंगे, आप विस्तार करना चाहते हैं, आप उन चीजों का उत्सर्जन करना चाहते हैं and how can we be made a victim, Sir?

On population, it is never a factor as far as the emission standards are concerned. In this country, we are heading for population control. There are countries in the world जिनकी आबादी नहीं बढ़ रही है या बढ़ाने की चाह भी है। हम तो अपने देश की आबादी को कम कर रहे हैं। Gradually, we are trying to control. South has achieved that. The other States are struggling, and they will achieve that. अगर हम प्रति व्यक्ति आबादी को रोकने की स्थिति में हैं, then are you helping us in that? Are you

expecting that every individual who is not born, who has not come, to reduce the load? इस दुनिया का जो carbon footprint या bio-capacity है, उसको हम exhaust नहीं कर रहे हैं। We are using everything possible to protect the environment. There is a nation which is walking free telling the whole world, and, all the developed countries have come together, we would be squeezed out of that. जिस प्रकार से हम इस समझौते की तरफ बढ़ रहे हैं, हमें वे मसल कर रख देंगे। Capping growth is an argument. Possibly a senior colleague has said कि साहब, हम doles पर जीयेंगे। भारत में हमें कुछ नहीं करना है। अगर हमें छपरा, मुजफ्फरपुर, पंजाब, राजस्थान या गुजरात में पावर प्लांट लगाना हो तो उसका निर्णय हम स्वयं नहीं कर पायेंगे। That has to be decided by someone beyond the country, not by the Minister for Environment and Forests, not by the Minister for Petroleum and Natural Gases, not by the Minister for Coal, not by the Prime Minister. आने वाले दिनों में इस देश के विकास के लिए अगर एक फैक्टरी भी लगानी होगी तो उसकी स्वीकृति भारत सरकार नहीं देगी, बल्कि उसकी स्वीकृति अमरीका की सरकार, यूरोप की सरकार और जापान की सरकार देगी। ऐसी स्थिति अब उत्पन्न होने वाली है और यह कहा जा रहा है कि हमारा अपना आत्मस्वाभिमान है! We will not live on doles. अगर आप चाहते हैं कि हम अपनी पूरी इकॉनमी को कि हम अपना carbon emission cut करें, हम अपने development को बाधित करें, हम अपना employment generation बंद करें, we will not accept it. यह दूसरी तरह की गुलामी है जो पर्यावरण के नाम पर पूरे भारत और विकासशील देशों पर थोपी जा रही है। आखिर हम इसको कैसे स्वीकार करें? What is this differential responsibility? Could the Minister explain it to us? Differential responsibilities, मतलब, विकसित देशों के लिए जिम्मेवारी दूसरी और अविकसित देशों के लिए जिम्मेवारी दूसरी! आखिर यह परिभाषा कब स्थापित होगी कि हमारे दायित्व क्या हैं? हमारा जो दायित्व है, हमारी जो उपलब्धि है, हमने इस पर्यावरण के लिए जो किया है, उसकी कीमत लगाने के लिए कोई तैयार नहीं है। लेकिन जो पूरी दुनिया का शोषण उपभोक्तावाद के आधार पर किया है, उसके विकास में जो प्रदूषण फैलाने का काम था, वह प्रदूषण फैलाया है ...(**समय की घंटी**)... आखिर इसके लिए कौन जिम्मेवार होगा?

महोदय, मैं अभी हाल में एक कार्यक्रम में गया। हमारे सिविल एविएशन मिनिस्टर भी उस कार्यक्रम में थे। मैं एक अंतिम उदाहरण दे रहा हूँ कि किस प्रकार से the whole world is trying to engulf India. आज हम इस बात को मानते हैं कि आप दिल्ली से लंदन जाते हैं और वापिस आते हैं, तो अगर एक व्यक्ति के ऊपर हवाई जहाज का जो कार्बन एमिशन होता है - दुनिया के ट्रांसपोर्ट में कार्बन एमिशन में जिसकी सबसे ज्यादा भागीदारी है, तो वह हवाई जहाज की भागीदारी है। Once you travel from here to London, 1.6 tonnes of carbon dioxide is emitted. Now, there is a new concept introduced, called the 'carbon neutral fees'. हम भी बड़े चकित थे। हमने कहा कि हमने ऐसी चीज तो कभी देखी ही नहीं! अगर आज इस देश में कहा गया कि साहब, अगर आप यह सवारी करते हैं, if you have an obligation towards environment, every passenger should pay a carbon neutral fee. यह जरूर है कि आज वह कह रहे हैं कि it is voluntary. कल यह आश्चर्यजनक नहीं होगा कि जब मंत्री जी कोपेनहेगेन में गये और इस पर एक मुहर लगाकर आ गये कि it will not be voluntary, it would be binding on the State, exactly the way they have capped this 2 degree centigrade emission; they may make binding the commitments on this country, and this is what this whole country is scared of today. On this we require an answer from the Prime Minister, we require an answer from the Environment and Forests Minister. It is

an issue, which is going to agitate the nation. We have capped our performance. आपने हमारी गरीबी के साथ मजाक उड़ाया है। आपने हमारे विकास दर को रोकने के लिए, उस पर एक बंदिश लगाई है। आपने आने वाले दिनों में हमारे नौजवानों के रोजगार पर बंदिश लगाई है। आपने आने वाले दिनों में किसानों के ऊपर बंदिश लगाई है, आपने इस पूरे देश के विकास पर एक बड़ी बंदिश लगाकर और दुनिया के सामने अपने आपको बड़ा दिखाने के लिए, वाहवाही लूटने के लिए एक ऐसी शुरुआत की है, जिसके लिए पूरा भारतवर्ष आपको कभी माफ नहीं करेगा।

महोदय, इन्हीं चंद शब्दों के साथ आप सब लोगों का आभार व्यक्त करते हुए, विशेष रूप से सरकार का आभार व्यक्त करते हुए, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you, Mr. Rudy. Hon. Members, there are seven more Members to speak. We have to adjourn by 6.15 p.m. for obvious reasons which you are aware of. Therefore, every Member will take five minutes each. That is all. Shri Pyarimohan Mohapatra or Mr. Mangal Kisan. I think, one of you will speak. Five minutes, okay. I am not calling Mr. Mangala Kisan and only you will speak.

SHRI PYARIMOHAN MOHAPATRA (Orissa): He can also speak. ...*(Interruptions)*...Sir, I congratulate the Minister because he has got accolades from most of the speakers before me. I am certain that after almost doubling of the Eleventh Plan provisions over the expenditure of Tenth Plan, the Minister will be able to add another 100 per cent over this Rs.10,000 crores which is highly inadequate in the Eleventh Plan for his Ministry. He is a persuasive Minister. Since time is short, I will make exactly the points because so many things have already been discussed. First point is about CAMPA, *ad hoc* CAMPA. Please for heaven's sake do not keep all this money here, pass it on to the States. Tell the court because this is again from the court and please make an effort to get yourself free from the Supreme Court. Make it a State fund and allow the States to use exactly whatever they have collected either in the previous year or the current year so that the fund does not go down. Next point is that use this compensatory afforestation on the degraded forest land. By 'degraded' I mean that it is below 10 per cent intensity of forest, zero to ten, instead of looking for taking land for which the population, the deprived population is looking for, the same wasteland. We have in Orissa 30 lakh acres of degraded forest land. It was taken up in Kamal Nathji's time during Narasimha Rao regime but nothing happened. Give the community in the vicinity the control and management of those forests over degraded forest land. Some of it may be used for raising coffee, tea other energy plantation or some other plantation. Do not just wish it away by calling this monoculture, this and that. Do not do it because any green cover is better than no cover. You may be aware that a large number of villages in Orissa, particularly in Dhenkanal and Kandhmal districts, keep guarding the forests for all the 24 hours in shifts. So, the capability is there. For rehabilitation of forests, please make it compulsory to use fly ash along with urban sludge as fertiliser as is being done in China. In wildlife sanctuaries about which many other speakers have talked, the fight

between tiger and man, elephant and man is there. You have to strike a balance. You cannot say that only elephants will have elephant reserve and get rid of all the tribals from that area. The people who are affected are mostly the tribals. Where do they go? So, the answer lies in increasing the forests, increasing the intensity of forests so that these elephants have some food and humans have food.

You have now given away the right to land to the tribals and non-tribals living in the forest area. That trick is there; today, the non-tribals are trying to take away the larger chunks of these lands, by hook or by crook. I do not know how you are going to stop it because, as an hon. Member pointed out, the State Governments are not very serious. Try some in-situ rehabilitation of the tribals. Do not take them out. I will give you a very peculiar case of Satbhaya. Mr. Rudy talked about two degrees centigrade, the sea coming up and all that. No, even before that, there has been tremendous amount of sea erosion in Bhitar Kanika Sanctuary at Satbhaya. Now, there is no land in the vicinity. So, we should give some amount of relaxation for those people; otherwise, they can't be resettled anywhere. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, Shri Silvius Condpan.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, if he wants to speak, let him speak. He is giving good suggestions.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We want to adjourn at 6.15 p.m. because of the programme. *(Interruptions)*

SHRI SILVIUS CONDPAN (Assam): Thank you, Sir, for giving me this opportunity to take part in the discussion on the working of the Ministry of Environment and Forests. Sir, leading thinkers across the world say that India's economic development model is unsustainable and new indicators of proper prosperity that go beyond GDP are required if India has to have a sustainable development, that is, development that needs the present without compromising the needs of the future. In this context, Sir, we are confronted with environmental problems. On this problem, among major projected impacts of climate change, on India, is the melting of the Himalayan glaciers and its effect on India's water security. Glacier is the source of drinking water of more than a billion people of India and China. Studies suggest that glaciers could be reduced to one-fifth their size in two decades. Sir, today's discussion is on the functioning of Ministry of Forests and Environment. Many good Members have already mentioned about the gravity of the change in environment and how it is affecting. Many of the learned Members have mentioned how the emission of carbon dioxide in international countries, due to their various industrial activities, is affecting us, and also affecting the other countries, and for that, this important Department has got a great responsibility. Today, in the context of North-East, what I say is, North-Eastern region is an area which enjoys the gift of nature and, today, the natural gift to this

area is no more supporting the people of that area due to which they are suffering from reduction of increase in temperature warming, and also from reduction of oxygen.

Recently, the people in this area are feeling which they never felt before. And, the other point is this. The area, which enjoys rainfall right from the end of February or March till the other day, is experiencing virtually no rain at all in the North-Eastern areas. They are suffering from drought. Their cultivation is suffering. The paddy lands are getting cracked. Water level is going down. This was never seen by the people of the North-East. In the backdrop of this submission, I would like to draw the attention of the hon. Minister to the Zoom Cultivation which mostly takes place in the hilly areas of the North-Eastern Region. Sir, Zoom Cultivation means 'shifting cultivation.' They do not remain in a particular plot. Mr. Koshyari also understands the situation. They go on shifting every time. They burn forest as they like and then they cultivate the crop. Mr. Koshyari will correct me if I am wrong. Sir, after one crop, people shift to other area. When they shift to other area, they destroy jungle. That is the lifestyle of the hilly tribes. I am not accusing them. This is the situation. They go on destroying jungle and allowing the atmosphere suffers from green vegetation...(**time-bell rings**)...

The Ministry that we are discussing today is relating to the environment, forests and the life of human beings living in those areas. There are so many things that have been mentioned in this House by the hon. Members which cannot be avoided. But, it is a fact that human habitation is becoming unpleasant in the present context of change of climate and environment. I know this Ministry has got a great challenge in the context of what has been discussed so far in this House today. None of us have been able to extend any constructive suggestions for consideration of the Ministry to take up and bring change in the climate with which we are today confronting for our welfare, for the welfare of the human being,...(**time-bell rings**)...I am trying to bring it, through you, to the notice of the hon. Minister to use his good offices in the Government to find out solutions to all these problems. Sir, more than 600 scientists and experts in the area of climate change opined that climate change is gripping the whole world. It is not just concerning the people of India, everybody started feeling it. Those who are enjoying the natural gift in their respective areas for ages together, today, are in the most uncomfortable position. We are discussing today the working of the Ministry. Everybody is realising, agreeing, suffering and asking themselves what has happened to our nature...(**time-bell rings**)..So, Sir, today, we do not know what could be done...(**time-bell rings**)..I am completing, Sir.

With these concerns in the present context in the area of forest and environment, I conclude my speech. Thank you.

श्री भगत सिंह कोश्यारी : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इन्होंने Zoom Cultivation की बात की, यह Zoom Cultivation उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में नहीं होता है।

SHRI KUMAR DEEPAK DAS (Assam): Sir, to build the working of the Ministry of Environment and Forests, we must pay attention on two major factors. The fist one has already been discussed by many hon. Members. It is about the affects of climatic change. The other one is affects of population explosion. Sir, the ten countries which will contribute most to world population over the next 30 years are: India, China, Pakistan, Nigeria, Ethiopia, Indonesia, USA, Bangladesh, Zaire and Iran. So far as total fertility rate is concerned, India's population might become even more than that of China. People, now, use 30-50 per cent or more of the earth's biological production through agricultural forestry and other activity. Half of the forests of the world have disappeared since the last Ice Age, and only 22 per cent of the original forest cover remains in large unbroken areas, without substantial human influence.

Sir, the human population growth, density and other demographic variables have the great effect on deforestation. Again, on growing human migration, both national and international is another critical factor that affects forest habitant and biodiversity.

Now, I come to the North-Eastern Region. The North-East is known for its mega activities of bio-diversity which have varieties of 7500 species of plants, flowering trees, including more than 700 species of orchid, 500 species of ferns, 500 species of mosses, 183 species of animals, 236 species of fish, 541 types of birds, 160 species of mammals, 137 species of reptiles.

The North-East is extremely rich in rivers, led by the mighty Brahamaputra, lakes and other natural water bodies.

The North-East has about 25 per cent of the country's total forest area, which is about 70 per cent forest coverage, supporting about 30 per cent of the total growing stock of the forests of the country. In addition, the region is one of the rainiest regions of the world being fed by two monsoons.

But, Sir, the rapid growth of population poses a tremendous threat to the existing forest cover and the biodiversity of the area where illegal migration to the region is predominant. Large-scale deforestation is rampant throughout the North-East. Unplanned and inefficient construction of dams has significant impact on the natural surroundings. It is one of the worst affected areas by different natural calamities, like, floods, etc.

To arrest the declining biodiversity of the North-East and to secure its land and water resources, it needs more effective strategies and plan to control and manage the human and natural factors.

Assam is the only plain State in the subcontinent. It is surrounded by Bhutan and hill States, like, Arunachal Pradesh, Meghalaya, and Nagaland. Assam is always at the receiving end because of the problems created by the hills.

Soil of Bhutan and Arunachal Pradesh is very fragile. On the other hand, the rivers flowing through both the hills are turbulent because of large-scale human activities, including extraction

of boulders and sand from the riverbed and cutting of trees. In this area, every summer, a huge sand flows from the hills. A huge sand casting has been going on in the region for a long time; and, that sand is mixed with small pebbles. Therefore, the fertile land of the State becomes a barren land. Again, Assam is situated in the rainfall zone. So, there is always a plenty of rainfall. Every year, a huge number of people lose lives and become homeless due to perennial floods in Assam. On the other hand, there are large-scale encroachments on forestlands at Kaziranga, Pabitora National Sanctuary; and, poaching of one-horn Rhinoceros and elephants is a regular feature in Assam. I, therefore, urge upon the Government to prepare a master plan for the region for the protection of forest and environment as well as degradation of land and water resources and protection of wild life. ...(**Time-bell rings**)... I will take just one more minute, Sir.

A few days back, the hon. Minister, in his reply, had assured the House to amend the Wild Life Protection Act. I hope, the hon. Minister will fulfil his assurance. To implement plans and projects, the Government should take initiatives on its own, or, should entrust this responsibility to the concerned State Governments. There should be a proposal for creation of, at least, two-kilometres buffer zone between Assam and other hills, with a provision of planting trees, including bamboo clamps, to arrest the debris coming from the hills.

With these words, I conclude, Sir.

डा0 प्रभा ठाकुर (राजस्थान): धन्यवाद महोदय, मेरा कितना समय है?

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): पांच मिनट।

DR. PRABHA THAKUR: Sir, you have allotted me eight minutes. सर, महिलाओं का समय तो आधा रह जाता है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): It was like that, but since we have to adjourn the House early, everybody's time is cut. I know that you were allotted eight minutes.

डा0 प्रभा ठाकुर : सर, मैं कुछ पोइंट्स बोल देती हूं, क्योंकि बाकी बातें सभी ने कह ही दी हैं, उनको दोहराने से कोई फायदा भी नहीं है। महोदय, प्रकृति और वनस्पति, वन एवं पर्यावरण एक ऐसा विषय है, जो प्रकृति, वनस्पति, प्राणियों और मनुष्यों के जीवन से जुड़ा हुआ है। वन और पर्यावरण दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। जीव-जन्तु, प्रकृति, मनुष्य सब के जीवन से जुड़ा हुआ यह प्रश्न है, जिस पर करीब पिछले 20 वर्षों से जरूर चर्चा आरम्भ हुई है, लेकिन उससे पहले शायद कभी इतनी गंभीरता से विचार नहीं हुआ। मैंने सबसे पहले यह तब महसूस किया जब प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी के कार्यकाल में पर्यावरण संरक्षण विधेयक लाया गया और और राजीव जी ने इस विषय में बड़ी गंभीरता और एक चिंता बताई। आज इसको पूरा विश्व महसूस कर रहा है, पूरा देश महसूस कर रहा है, जैसे प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग के खतरे, जो जी-8 समिट में भी उठाए जा रहे हैं, ये ऐसे खतरे हैं, ऐसी चुनौतियां हैं, जैसे, पहाड़ों पर बर्फ पिघल रही है, समुद्र के जल स्तर

का खतरा बढ़ रहा है, ये सब विकास से जुड़े हुए विनाश संबंधी समस्याएं हैं। महोदय, अभी प्रधान मंत्री जी ने एक जगह एक बात कही। महोदय, मेरे सामने जो एक सदस्य हैं, उन्होंने बार-बार प्रधान मंत्री जी को कोट किया। ऐसा लगा जैसे सदन में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के कार्यकरण पर नहीं, बल्कि प्रधान मंत्री के कार्यकरण पर चर्चा हो रही है। मैं यह बताना चाहूंगी कि प्रधान मंत्री जी ने बहुत पहले एक वक्तव्य दिया था कि जो विकसित देश हैं उन्होंने विकास करते समय यह जब ध्यान में नहीं रखा कि इसके पीछे विनाश का दूसरा पहलू कौन सा है, उसको मद्देनजर नहीं रखते हुए जो विकास किया गया, उसका आज यह परिणाम है कि वह कार्बन डाइआक्साइड जो जहरीला प्रदूषण है, आज विश्व को उसका पूरा भुगतान करना पड़ रहा है। महोदय, अगर किसी व्यक्ति की नीति गलत हो जाए तो उसको सुधारा भी जा सकता है, लेकिन नीयत सही होना जरूरी है, उसे न कोई सुधार सकता है, न बिगाड़ सकता है। प्रधान मंत्री जी की नीयत पर न पूरे देश को, राष्ट्र को और न किसी व्यक्ति को कोई शक और शंका है। जो हमारे वन एवं पर्यावरण मंत्री हैं, उनकी भी जो भावना है और जो काबलियत है, योग्यता है उस पर सभी को पूरा विश्वास है। महोदय, आज जो यहां बात हुई, यह बहुत जरूरी भी है कि प्रदूषण रोकने के लिए अधिकाधिक वाहनों में सी0एन0जी0 का प्रयोग हो। अधिकांश प्रदेशों में वाहनों में जितना सी0एन0जी0 का प्रयोग किया जाएगा उतना ही हम प्रदूषण समस्या से मुक्त होंगे। महोदय, अब हमें विकास के साथ जुड़े हुए जो विनाश हैं, उनके समाधान ढूंढने हैं, जैसे -पेयजल संबंधी जो संकट है, कई जगह तालाबों में ही होटल बने हुए हैं, इनकी पूरी मॉनिटरिंग जरूर होनी चाहिए, उनकी पूरी समीक्षा होनी चाहिए कि कहीं उनके गंदे जल की निकासी तालाब में तो नहीं मिल रही है? वहां से जो ड्रेनेज सिस्टम है, वह क्या है? आज प्लास्टिक पर्यावरण का बहुत बड़ा शत्रु है। दुकानदारों को प्लास्टिक बैग में सामान बेचने की मनाही होने की जगह प्लास्टिक थैलियों के प्रोडक्शन पर रोक होनी चाहिए, उनके उत्पादन पर रोक होनी चाहिए। जहां प्लास्टिक गिरता है वहां की जमीन बंजर हो जाती है। जहां समुद्र में प्लास्टिक के कचरे के थैले भर-भर कर डाले जाते हैं, मैं समझती हूं कि समुद्र शिव का रूप है, जो प्रदूषण के जहर को पीता है। जंगल प्रकृति की मां का वह रूप है जो प्रदूषण को समाप्त करती हैं, आक्सिजन देती है। जब ये ही प्रदूषित हो जाएंगे तो फिर क्या स्थिति होगी? आज प्लास्टिक एक बहुत बड़ा शत्रु है। महोदय, आज राजस्थान में भी पेड़ लगाओ अभियान -हरित क्रांति चल रहा है। लेकिन महोदय, इस देश की दो सबसे बड़ी समस्याएं हैं -बढ़ती हुई आबादी और बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार। रेंजर्स और छोटे वन अधिकारी के घर भी छापा मारा जाता है, तो दो करोड़ रुपये, पांच करोड़ रुपये बरामद होते हैं। ये रुपये कहां से आते हैं ? ये मिली- भगत है इन पेड़ों के कटने के पीछे, इन जंगलों के कटने के पीछे। जंगलों की कटाई में गरीब आदिवासियों की गरीबी का फायदा उठाया जाता है। जंगलों की कटाई में आदिवासियों को साथ में मिला लिया जाता है, जो मुनाफाखोर हैं, जो जंगल माफिया लोग हैं, वे उसका मुनाफा उठाते हैं। पेड़ कितने लगेंगे, इसको सुनिश्चित करना जरूरी है। पौधे लगाए जाते हैं, पेड़ तो वह बाद में बनते हैं। इसको सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जो पौधे लगाए जाते हैं, वे पेड़ बनने जरूरी हैं, उनका रखरखाव करना जरूरी है, पौधे पेड़ का रूप लें, यह जरूरी है, वरना कागजों पर पौधे लगा दिए जाएंगे कि इतने पौधे लगा दिए गए। पौधे लगाने से और बीज रोपने से वे पेड़ नहीं बन जाएंगे, इसके लिए उनकी देखभाल करना जरूरी है। इस कार्य की मॉनिटरिंग केन्द्र सरकार को करनी चाहिए। इसके लिए विभाग को जो भी लगभग दो हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है, पांच सौ करोड़ रुपये गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए गंगा जी में बहा दिए गए। श्री राजीव गांधी जी की यह भावना थी कि गंगा नदी प्रदूषण-मुक्त हो। आज भी इस सरकार ने गंगा नदी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए नीति बनाई है, उसके लिए बजट का प्रावधान किया है, लेकिन गंगा कई लोगों के घर में पहुंच जाती है, लेकिन गंगा नदी का जल वैसा का वैसा ही रह जाता है। सर, कैसे यह गंगा प्रदूषण से मुक्त होगी ? सवाल यह है कि जो पैसा जिस कार्य के लिए दिया

जाता है, उसके लिए यह निश्चित रूप से तय किया जाए कि वह उस कार्य पर खर्च हों, ऐसा नहीं हो, जैसा कि पहले राजीव गांधी जी कहते थे और अब राहुल गांधी जी कह रहे हैं कि एक रुपये में से 15 पैसे ही मौके पर पहुंच रहे हैं। इस तरह कैसे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी ? आज जिस तरह से प्रधान मंत्री जी की भावना है, श्रीमती सोनिया गांधी जी की भावना है, जो इस सरकार की भावना है, अगर उसी भावना से नीचे स्तर तक के अधिकारी काम करेंगे, तभी इस प्रदूषण से हमें निजात मिलेगी, ...(**समय की घंटी**)... तभी जाकर इन पेड़ों की कटाई रुकेगी, तभी जाकर पौधे बड़े होंगे और जंगल का रूप लेंगे और तभी जाकर मानसून आएगा, तभी बरसातें होंगी। पेड़ कम होने से बरसात नहीं होती है, भू-जल का स्तर नीचे चला गया है। राजस्थान में रेगिस्तान का समुद्र फैला हुआ है और लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने के लिए विवश हैं, क्योंकि जल-स्तर नीचे चला गया है। अगर जंगल लगेंगे, तो बरसात होगी और इसके लिए पेड़ों की जड़ों में दवा देनी जरूरी है। सर, मैं एक चीज़ और मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि पेस्टीसाइड युक्त फसलों को खाने से पशु-पक्षी नष्ट हो रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : अब आप खत्म करिए।

डा. प्रभा ठाकुर : सर, मोर खत्म होते जा रहे हैं। मैंने एक आर्टिकल पढ़ा है कि कई पक्षी समाप्त हो रहे हैं, क्योंकि वह पेस्टीसाइड युक्त फसलें खाते हैं, जिसकी वजह से उनकी मौतें हो रही हैं और यह उनकी मृत्यु का कारण है। मेरा अनुरोध है कि इस पर भी रिसर्च की जाए और इसका भी समाधान ढूंढा जाए। धन्यवाद।

श्री बिश्वजीत दैमारी (असम) **:** थैंक्यु सर। मैं इस विषय पर माननीय पर्यावरण और वन मंत्री जी के नोटिस में कुछ चीज़ें लाना चाहता हूं। मैं खुद फॉरेस्ट एरिया से हूं और फॉरेस्ट से जुड़ा हुआ हूं। हम लोग फॉरेस्ट में ही रहते हैं। मैं जानता हूं कि फॉरेस्ट में कब, कैसा, आज तक होता आ रहा है। मैं देख रहा हूं कि फॉरेस्ट का जो कानून है, वह बहुत ही week है, दुर्बल है, वह प्रोटेक्शन नहीं कर सका है। इस कानून को शक्तिशाली बनाना है और अगर कोई ऐसा कानून नहीं है, तो नया कानून बनाना पड़ेगा। हमारे असम का जो रिजर्व फॉरेस्ट है, जो वर्ल्ड लाइफ सेंचुरी है, इसको मैं अच्छी तरह से अपनी आंखों से देखता आ रहा हूं। जंगलों को काटने से रोकने के लिए सिर्फ वन और पर्यावरण विभाग ही सफिसिएंट नहीं है, इसमें विभिन्न मंत्रालयों का भी दायित्व होता है । जैसा कि मैंने देखा है कि हमारे असम का जो मैक्सिमम फॉरेस्ट एरिया है, उसका धीरे-धीरे एन्क्रोचमेंट होने के कारण से, उसका डि-फॉरेस्टेशन हो गया है। आज मैं इस पार्लियामेंट में कहूंगा कि वहां के जो ट्राइबल लोग हैं, मेरी कम्युनिटी बोडो है और बोडो लोग ही ज्यादातर फॉरेस्ट में हैं । हम लोगों का फॉरेस्ट में जाने का कारण यह है कि हमारा जो असम लैंड एंड रेवेन्यू रेग्युलेशन एक्ट है उसमें Tribal belt/block, गठन किया गया था जहां ट्राइबल के सिवाय कोई दूसरा आदमी लैंड ऑक्युपाई नहीं कर सकता था, वहां उस Tribal belt/block को जो कानून है, वह उसको बचा नहीं पाया। उसमें नॉन-ट्राइबल लोग घुस गए और फिर, वहां के ट्राइबल लोग जंगल में जाकर जंगल काट-काटकर वहां बस गए। अगर वह कानून ठीक तरह से ट्राइबल लोगों को बसाता, तो वहां का जंगल बच जाता।

हमारी होम Ministry ने भी कुछ गलत किया है। सन् 1990 में जब असम में Zardari आंदोलन हुआ था, तो वहां के Holtugaon reserve forest में जो national highway है, वहां पर आंदोलनकारी कुछ गतिविधियां करते थे। वे असम बंद के समय कुछ truck जला देते थे, इसलिए CRPF वालों ने, पुलिस वालों ने बंगाल से कुछ लोगों को लाकर वहां पर बैठा दिया। उन लोगों ने वहां पर 50 मीटर, 100 मीटर तक का जंगल काट दिया। इसके बाद जब वहां के लोगों ने देखा, तो वे भी जंगल काटकर वहां पर बैठ गए और जो holtugaon reserve forest है, जो भूटान तक का जो जंगल है, वह भी साफ हो गया। इसी तरह जो Chariduare reserve

forest है, वह भी ऐसा है। नांगालैंड बार्डर में, गोलाघाट एरिया में जितना भी reserve forest है, वहां भी ऐसा है, लेकिन जब यह हो रहा था, तब वहां पर Forest Department के जितने भी Officers थे, वे सब मौजूद थे और जितने भी Forest गार्ड्स थे, वे सब भी मौजूद थे, लेकिन वे लोग उनको रोक नहीं पाए। इसलिए मैं कह रहा हूं कि या तो हमारा कानून weak है या फिर यह कानून ठीक नहीं है, इसलिए कानून में थोड़ा बदलाव लाना होगा, तभी हम इसको रोक सकेंगे। हमें इस पर ध्यान देना चाहिए। वहां के लोग forest के विरोध में नहीं थे। वे लोग इतने बड़े घर भी नहीं बनाते थे, वे लोग पेड़ों को तो नहीं काटते थे, वे traditional छोटे-छोटे घर बनाकर रहते थे। दिल्ली, राजस्थान व पता नहीं कहां-कहां से लोग वहां पर आ गए और वहां के लोगों को थोड़ा प्रलोभन देकर, वहां से जंगल काटकर, उसकी लकड़ियां ओपनली ट्रेन से सिटी में लाई गईं और इसी तरह अर्बन लोगों ने ही जंगल को डिस्ट्रॉय किया है। वहां पर लोग जंगली जानवर, चिड़िया पालते थे। मैं खुद भी जानवर पालता था, लेकिन पता नहीं कहां से आदमी वहां चले गए और कोई वहां पर जाकर भालू की खाल ढूंढता है तथा उसकी काफी कीमत देता है। कोई-कोई तो बाघ की खाल ढूंढता है। इसी तरह से वहां के लोगों को प्रलोभन देकर, बाहर के लोगों ने जंगली जानवर व चिड़िया आदि को मारना आरंभ कर दिया। जैसे काजीरंगा में आज Tiger मारा जाता है, Rhino मारा जाता है तथा इसी तरह के अनेक हादसे हो रहे हैं। मैं सोचता हूं कि जबतक हम कानून में ठीक तरह से बदलाव करके, उसको ठीक नहीं करेंगे, तब तक हम forest को बचा नहीं पाएंगे। वहां पर बहुत encroachment हुआ है, अगर उसको नहीं हटाएंगे तो हमें कुछ न कुछ तकनीक जरूर निकालनी होगी, ताकि हम वहां के लोगों को forest बसाने के काम में लगा सकें। इसलिए हमारे पर्यावरण और वन मंत्री को इस पर चिंता करने की जरूरत है। इसी बात का अनुरोध करते हुए, मैं अपनी स्पीच यहीं समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Ms. Sushila Tiriya. Please take only five minutes.

सुश्री सुशीला तिरिया (उड़ीसा) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे Working of the Ministry of Environment and Forests पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। सर, इस विषय पर जो बोला गया है, उसको और ज्यादा न बढ़ाते हुए मैं केवल एक-दो प्वाइंट्स पर बोलना चाहूंगी। मैं यह कहना चाहती हूं कि जमीन, जंगल और जल, इन तीनों के ऊपर एयर पॉल्युशन, जल पॉल्युशन या प्रदूषण के बारे में बात हो रही है, इस पर मेरा यह कहना है कि जब भी Forests में tribal की पॉपुलेशन घटती है, तो पॉल्युशन ज्यादा होता है। यदि देखा जाए तो tribal इलाके में 2001 की census के हिसाब से पॉपुलेशन घटती जा रही है। यदि tribal की पॉपुलेशन घटती जा रही है, तो जंगल में जो जीव-जंतु हैं, लकड़ी है और जो Forest Land है, वह सब आहिस्ता-आहिस्ता घटती जा रही है। जो ये चीजें हैं और जो जंगल का tribal है, जो उसके जानवर हैं, जो वहां के पेड़ हैं और जो जमीन है, उनका आपस में काफी लगाव है। जब-जब भी कानून ने इनको आपस में हटाने की कोशिश की, तो आपकी सारी चीजें घटती गईं और उस क्षेत्र में पॉल्युशन बढ़ता गया। सर, मैं आपके सामने ज्यादा प्वाइंट्स नहीं रखना चाहूंगी, चाहे आप developments के नाम पर, चाहे Industry के नाम पर एयर पॉल्युशन को भी इगनोर कर रहे थे और हमारा कानून भी कुछ नहीं कर पाता है। एयर पॉल्युशन जंगल के क्षेत्र में सौ किलोमीटर तक नहीं होना चाहिए, लेकिन वह है। उधर लगातार बहुत क्रशर होता जा रहा है। क्रशर से इतना एयर पॉल्युशन हो रहा है कि वह बॉडी में, हार्ट में इफेक्ट कर रहा है। इसके बावजूद भी यह हो रहा है कि वे उधर परमिशन देते हैं। यह एयर पॉल्युशन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। मैं यह कहना चाहूंगी कि उस क्षेत्र में प्रोजेक्ट के नाम पर जंगल काटकर ट्रायबल्स को डिसप्लेस किया जाता है। वे क्षेत्रों के क्लाइमेट से एक्क्लेंटेड होकर दूसरी जगहों पर जाते हैं। उनका उधर कोई डेवलपमेंट नहीं हो पाता है। वे लोग शारीरिक रूप से बीमार पड़ जाते हैं। जहां-जहां पर इंडस्ट्री होती है, जैसे ढेंकानाल में एक इंडस्ट्री है,

जो नदी में सारा इंडस्ट्रियल एन्फ्लुएंट्स डालती है, उसी नदी का पानी पीकर वहां के ट्रायबल लोगों का शरीर इस कदर बीमार पड़ गया है कि डॉक्टर भी पहचान नहीं पा रहे हैं कि उनको क्या बीमारी हुई है। मेरा निवेदन यह है कि इंडस्ट्री के तहत इस कदर पॉल्युशन हो रहा है कि बीमारी तक की पहचान नहीं हो पा रही है, लोगों की लाइफ की longevity घटती जा रही है और हम लोग इधर बैठकर कानून पास करके उनके प्रोटेक्शन की बात कर रहे हैं। आज के दिन में क्लाइमेटिक चेंज एक इंटरनेशनल बात हो गई है। इस प्रोजेक्ट में फोरेस्ट विलेज डेवलपमेंट के लिए 150 करोड़ रुपए दिये गये हैं और 900 करोड़ का स्पेशल एलोकेशन ट्रायबल सब प्लान में दिया गया है। मैं यह पूछना चाहूंगी कि इस क्षेत्र में ट्रायबल्स, जंगल और पर्यावरण को रखने के लिए इतना सारा पैसा, जो एक-दूसरे का परिपूरक है, किस तरीके से खर्च होता है? इसका क्या लाभ है? अभी तक कुछ भी अवेयरनेस नहीं हुई है। ट्रेडीशनल फॉरेस्ट ड्वेलर्स शेड्यूल्ड ट्राइब का जो 2006 का बिल है, जिसका नोटिफिकेशन हुआ है, उसमें अभी तक ट्रायबल्स की कोई अवेयरनेस नहीं हुई है। मैं समझती हूं कि इसको लागू करने के लिए भी अवेयरनेस की जरूरत है। सर, जो एक्सप्लोजन हो रहा है, जैसे सिमलीपाल बायोस्फेयर वर्ल्ड की चौदहवीं बायोस्फेयर है, मैं इस बायोस्फेयर के बारे में मंत्री जी को बताना चाहूंगी कि अभी रिसेंटली नेक्सलाइट अंदर घुस गए, उन्होंने जितने भी टूरिस्ट स्पॉट थे, हाट थे, सभी कुछ छिन्न-भिन्न कर दिये और जानवरों को मारा। मैं यह कहना चाहूंगी कि जो रिकॉग्नाइज बायोस्फेयर हैं, उनका कंजरवेशन करना, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि उस जगह पर कोई एक्सप्लोजन हो रहा हो, तो उसे भी मिनरल्स के नाम से, इंडस्ट्री के नाम से अच्छे कानून के तहत स्ट्रिक्ट करना चाहिए। जहां पर क्रशर मशीन है, इंडस्ट्री है, जहां बेचारे ट्रायबल काम करते हैं, वहां हेल्थ कम्पेनसेशन स्कीम, हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम लगाकर, उन सभी को हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम में कवर-अप करके, कॉर्पोरेट सेक्टर से कहना चाहिए। उन्हें स्ट्रिक्ट इंस्ट्रक्शन्स देनी चाहिए कि उनको ठीक से मेजर कम्पेनसेशन मिलना चाहिए।

सर, मैं दूसरी बात यह कहना चाहूंगी कि नॉर्थ-उड़ीसा यूनिवर्सिटी में ट्रायबल स्टडी, एन्वायरमेंट स्टडी की फेसिलिटी है, लेकिन वह सेल्फ फाइनेंस है। मैं यह कहना चाहूंगी कि ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं खत्म कर रही हूं, स्टूडैंट्स को बचपन से ही एनवायरमेंट के बारे में अवेयरनेस देने का समय आ गया है। बचपन में जब हम बच्चे थे तो हम लोग खुद ही घर में पेड़ लगाते थे। जब हमारे अस्सी-पिचयासी साल के फादर पेड़ लगाते थे, तो हम उनसे पूछते थे कि आप इतने बुजुर्ग हैं, फिर पेड़ काहे को लगाते हो? वे कहते थे कि हम बुजुर्ग हैं, लेकिन पेड़ लगाना हमारे समाज का एक धर्म है। मैं फल नहीं खा पाऊंगा, लेकिन हमारी आने वाली पीढ़ी फल खाएगी। लोगों की यह भावना है। ट्रायबल लोगों की यह भावना है। उन लोगों का आपस में जो रिश्ता है, उस रिश्ते को मजबूत करने के लिए जहां-जहां जिस यूनिवर्सिटी में सेल्फ फाइनेंस वाला सब्जेक्ट है, उसको सेंटर से डायरेक्ट यू.जी.सी. से ग्रांट देनी चाहिए। नॉर्थ-उड़ीसा यूनिवर्सिटी में ट्रायबल स्टडी है, एनवायरमेंट स्टडी है, परंतु यह सेल्फ फाइनेंस है, मैं पूछना चाहती हूं कि कितने ट्रायबल पैसा देकर पढ़ेंगे? मैं कहना चाहूंगी कि स्कूल में एक सब्जेक्ट कम्पल्सरी एजुकेशन करना चाहिए। यूनिवर्सिटी में जो एनवायरमेंट और ट्रायबल की जो सेल्फ फाइनेंस स्टडी है, आप उसको हटाकर उनको यू.जी.सी. से डायरेक्ट पैसा दीजिए। इतना पैसा खर्च कर रहे हैं...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे.कुरियन) : खत्म कीजिए।

सुश्री सुशीला तिरिया : सर, खत्म कर रही हूं। मेरा लास्ट प्वाइंट वर्ल्ड कन्जरवेशन है। सिमलीपाल बायोस्फेयर में फ्यूना और फ्लोरा है। बहुत सारे जंतु ऐसे हैं जो वर्ल्ड में दिखाई नहीं देते हैं। मैं मंत्री से निवेदन करना चाहूंगी कि वे एक बार आएं और उस बायोस्फेयर को देखें। जब तक वे यह नहीं देखेंगे, तब तक एहसास नहीं कर पाएंगे कि किस किस्म के जानवर हैं, किस किस्म के पेड़ हैं। मैं उनसे यह निवेदन करना चाहूँगी कि biosphere के ऊपर स्वतंत्र research करें। ...(**समय की घंटी**)...

सर, मेरा एक लास्ट प्वायंट है। सर, मैं यह कहना चाहूँगी कि ट्राइबल, जो biosphere के अन्दर रह रहे हैं, total malaria prone है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे.कुरियन) : आपका समय समाप्त हो गया। समय नहीं है। बस कीजिए। You are eating into others' time.

सुश्री सुशीला तिरिया : Water pollution के कारण मलेरिया हो रहा है। मलेरिया prone एरिया में जो पानी पी रहे हैं, आप उसको भी ठीक करिए। सर, मैं लास्ट में यह कहना चाहूँगी कि कुछ स्पेशल ...(**व्यवधान**)... चीज कर दीजिएगा और natural resource management करने के लिए आप indigenous method पर भी ध्यान दीजिएगा।

SHRI RAMA CHANDRA KHUNTIA (Orissa): This year, the Government has earmarked an enhanced outlay for environment and forests in this Budget. Sir, we are also aware of the impending dangers for the survival of the human beings and all living beings. Sir, the global community is watching with concern and we have seen how the natural barriers like mangroves have been able to mitigate the impact of deadly natural calamities like super cyclone, Tsunami. Pandit Jawaharlalji, Indiraji and Rahulji have played catalytic role in conserving our natural eco system. Sir, important legislations like Wildlife Protection Act, 1972 and Forest Conservation Act, 1980, were notified during the time of beloved leader, late Shrimati Indira Gandhi. These have been instrumental in doing the needful. Sir, we know that we are still far from achieving many of our national goals as laid down in Forest Policy and National Wildlife Action Plan.

Sir, I will only give some suggestions. What is the strategy and action plan for sustainable forest development, protection, preservation and increasing the forest cover in the country? There should be early disposal of all Forest Act violation cases and engagement of CRPF, where necessary, with full protection and benefit to honest forest officers. The Government should motivate public and Government Departments and public sector undertakings for use of more steel instead of wood to discourage the use of more wood. India has to play an important role in climate change and environment negotiation. Hence, more budgetary support should be provided for this sector. The Government needs to promote only such tourism policy as would directly benefit the local community without damaging the eco system and ecology because they are unsustainable. The Forest Department should also initiate enactment of legislation for creation of a welfare fund for the forest workers like Saulseed, Kendu leaves, Mahua and other forest tribal workers who are working inside the forests. The NREGA fund can also be utilised for plantation, watch and ward, roads which will also generate employment for forest and tribal people. Steps should be taken for the protection of Simlipal, Sunabeda, Satakosia Tiger Project and Chandaka Elephant Sanctuary in Orissa, Balpakram Wildlife Sanctuary in Meghalaya and all other wildlife sanctuaries. After the 2006 Bill, as it was stated by other speakers also, the State Governments are not taking any interest in the allotment of land to the tribals to enable them to settle themselves in the forest area. I do not know as to how many tribals have got land in

Orissa? Will the Central Government constitute a task force to monitor the issues relating to tribals in all the States?

Sir, I can say that forest and environment is the lifeline of human civilisation; not only our country but the human civilisation. We are very happy that our Prime Minister, who is very much interested in forest and environment, has nominated the most efficient and honest Minister as the Forest and Environment Minister. I do expect that under his leadership, and the leadership of hon. Prime Minister, we can do a lot which will contribute not only for the well-being of our country, but also for the human civilisation, as a whole.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Thank you. I appreciate you for adhering to time limit. Now, Mr. Karimpuri. You just give an explanation. You have three minutes.

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: सर, आप सिर्फ दस मिनट दे दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): नहीं-नहीं। पांच मिनट से ज्यादा नहीं।

एक माननीय सदस्य: अब आप पत्थर के बारे में बोलिए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): हां, अब आप पत्थर के बारे में बोल सकते हैं।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: सर, मैं आपको धन्यवाद देता हूं। 1469 से 1539 के बीच में सिख गुरुओं ने एक बात कही थी, "पवन गुरु पानी पिता माता धरति महति"... उन्होंने हवा को गुरु बोला था। 'पवन गुरु' कह कर उन्होंने पवन को गुरु का रुतबा दिया था, पानी को पिता का रुतबा दिया था और धरती को माता का रुतबा दिया था। आज 500 साल के बाद जागे हैं। चाहे देर से जागे हैं, कोई बात नहीं, जागे तो हैं।

आपके माध्यम से मैं आदरणीय मंत्री से कहना चाहता हूं कि किसी भी डिस्कशन पर तीन किस्म का रिऐक्शन होता है। एक होता है, 'listen and ignore', जो ज्यादातर चलता है। इस हाउस में चिन्तन और मंथन बहुत अच्छा होता है, लेकिन कर्म बहुत बुरे होते हैं, उनमें बहुत सुधार की गुंजाइश है। तो पहला है, 'listen and ignore', दूसरा है, 'listen and store' और तीसरा है, 'listen and act', जिसकी आज हमें बहुत जरूरत है। आज अगर हम वातावरण को बचाना चाहते हैं, अपने जंगलों को बचाना चाहते हैं, उसके लिए मैं समझता हूं कि कानून में कोई कमी नहीं हैं, लेकिन हम हमेशा कानून को ही दोष देते रहते हैं। सच यह है कि इम्प्लिमेंट करने वाली एजेंसी कमजोर है, इम्प्लिमेंट करने वाली एजेंसी के अन्दर इम्प्लिमेंटेशन करवाने की शक्ति नहीं है।

यहां में एक बात और कहना चाहता हूं। कहा जाता है कि गंगा की बड़ी चिंता है, मैं भी कहता हूं कि गंगा की सफाई होनी चाहिए, उसमें स्वच्छता होनी चाहिए, लेकिन साथ ही साथ आपको यमुना के बारे में भी सोचना चाहिए। अगर हम हर बात को राजनीतिक नजरिए से देखेंगे, जातिवादी सोच से प्रेरित हो कर सोचेंगे, तो वह उचित नहीं होगा।

इस हाउस में हमारे एक आदरणीय मैम्बर ने यह बोला कि डा. अम्बेडकर की मूर्ति लगाई गई, भगवान बुद्ध की मूर्ति लगाई गई, पत्थरों की मूर्ति से पॉल्यूशन फैलता है। मैं यह इसलिए बोल रहा हूं कि डिस्कशन में किसी के धार्मिक जज्बातों को, religious sentiments को attack नहीं करना चाहिए। हमें उस मैम्बर की बात का अफसोस नहीं है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि जब सत्ताधारी पक्ष और विपक्ष ने इस मुद्दे पर मेजें

थपथपाईं। अगर हम यह कहते हैं कि इस विषय पर हमारे विपक्ष और सत्ताधारी पक्ष की राय एक है कि पत्थरों की मूर्ति से पॉल्यूशन फैलता है, तो फिर इन्दिरा जी की मूर्ति से भी पॉल्यूशन फैलता है। और क्या फिर श्री मोहनदास कर्मचंद गांधी जी की मूर्ति से पॉल्यूशन नहीं फैलता, क्योंकि वह भी पत्थर की है?...(**व्यवधान**)...

SHRI RAMA CHANDRA KHUNTIA: Sir, can he speak about Mohandas Karamchand Gandhi like this? ...*(Interruptions)*...

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: हमें हाउस में ऐसी स्टेटमेंट नहीं देनी चाहिए ...(**व्यवधान**)...। भगवान राम की मूर्ति भी पत्थर की है।

मैं आदरणीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप अमरीका एवं अन्य देशों को नहीं रोक पाएंगे, क्योंकि आपके अन्दर यह सामर्थ्य, यह शक्ति नहीं है कि आप इस वर्ल्ड को पॉल्यूशन के मुंह में धकेलने वाली शक्तियों को रोक सकें। कम से कम इस हाउस में हमें धार्मिक दायरे से आगे निकल कर, धार्मिक सोच से आगे बढ़ कर एक राय बनानी चाहिए। मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि किसी भी धर्म में कोई भी सैलिब्रेशन हो, कोई भी ऐतिहासिक मौका हो, अगर हम उस पर संयम कर लें, तब भी हम पॉल्यूशन पर बहुत कंट्रोल कर सकते हैं। ऐसा मौका चाहे सिखों में हो, चाहे मुसलमानों में हो, चाहे क्रिश्चियन्स में हो, चाहे हिन्दुओं में हो, हमें कुछ संयम रखना चाहिए, जैसे अगर हम रावण को जलाना बंद कर दें, तब भी हम पॉल्यूशन कंट्रोल कर सकते हैं। ...(**समय की घंटी**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Yes, yes. Now, please conclude.

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: सर, इससे ज्यादा समय की परमिशन आपको मुझे नहीं देनी पड़ेगी। हम दिवाली पर जश्न जरूर मनाएं, ढोल बजा लें, भांगड़ा डाल लें, लेकिन अगर दिये न जलाएं, पटाखे न जलाएं, तब क्या भगवान राम जी हमसे नाराज़ हो जाएंगे? पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए इस हाउस को एक unanimous resolution पास करना चाहिए। जो भी हमारे धार्मिक त्यौहार हैं, हम उन्हें जरूर मनाएं, लेकिन गुरुओं ने जो बोला है, पवन गुरु, पानी पिता, माता धरति महति' कम से कम इनका सम्मान जरूर करें।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, please take your seat.

श्री अवतार सिंह करीमपुरी: अंत में मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं कि आप अपनी धार्मिक आस्थाओं से पॉल्यूशन मत क्रिएट कीजिए और साथ ही डा. अम्बेडकर, श्री साहू छत्रपतिजी महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले और श्री नारायण गुरु का सम्मान कीजिए। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We will now take up Special Mentions. ..*(Interruptions)*.. I'll call the names. Lay it on the table. ..*(Interruptions)*.. Shri Gyan Prakash Pilania. ..*(Interruptions)*..

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please take your seat. ..*(Interruptions)*.. आप यहाँ से जाइए ...(व्यवधान)... What is this? ..*(Interruptions)*..

डा0 प्रभा ठाकुर: सर, ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please take your seat. ...*(Interruptions)*... The discussion is over. ...*(Interruptions)*... What is your problem? Please tell me ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: इस juncture पर ...(**व्यवधान**)... क्या आप इस प्रकार से बोल सकते हैं? ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay, you have two minutes to speak. ..*(Interruptions)*..

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, मैं आपकी बात मानता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Listen, your party time is over. If you like, I can give you two minutes. ..*(Interruptions)*..

श्री रुद्रनारायण पाणि: धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदय। हमारी ओर से कोश्यारी जी के द्वारा विस्तार से इस पर आध्यात्मिक और धार्मिक विश्लेषण किया गया। इसके साथ ही हमारी ओर से माननीय राजीव प्रताप रूडी जी के द्वारा भी इसका विस्तार से विश्लेषण किया गया। इस देश के प्रधान मंत्री जी-8, इटली में जाकर जिस प्रकार से हमारे देश को ...(**व्यवधान**)...

SHRI JESUDASU SEELAM (Andhra Pradesh): Please come to the subject. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: मैं सब्जैक्ट पर आता हूँ। इस प्रकार की परिस्थिति में आप बोल नहीं पाएँगे। ...(व्यवधान)... इस प्रकार की परिस्थिति में आप बोल नहीं पाएँगे। कम-से-कम मैं तो बोलता हूं... (**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You speak, Mr. Pany. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, सब्जैक्ट यही है कि ...(**व्यवधान**)... सर, सब्जैक्ट यही है कि Carbon Emission पर cap लगाने के संदर्भ में जिस प्रकार की बात वहाँ पर बताकर यह आए, उस मामले में कम-से-कम जयराम रमेश जी इस सरकार के crisis manager के रूप में सामने आए। अभी Hillary Clinton जब यहाँ आई थीं, तो उसमें जयराम रमेश जी की जो भूमिका रही, इसके कारण ही उनके बारे में यह कहा जा रहा है कि यह कांग्रेस पार्टी के crisis manager हैं। न केवल उतना ही, बल्कि उनका नाम भी राम है, राम उनके नाम में है। जब दो साल पहले, 2007 में, श्रीराम सेतु के प्रसंग में एक हलफनामा दिया गया था, तब भी जयराम रमेश जी का एक ऐसा बयान आया था, जिसने उस समय सरकार को बचाया था। ...(**व्यवधान**)...

डा0 प्रभा ठाकुर: सर, ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You please sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, मैं जानता हूँ कि सारी * ...(**व्यवधान**)... सर, मैं अपने विषय पर बोलता हूँ। आप सब लोग मुझे instruct करेंगे? एक स्पीकर को आखिर में मौका देंगे, आंदोलन के बाद मौका देंगे और साथ ही सारे लोग उसे instruct करेंगे कि ऐसा बोलो, यह क्या बात है, सर? क्या हमें बोलना नहीं आता है? क्या मुझे पर्यावरण मंत्रालय पर बोलना नहीं आता है? ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You make your point, Mr. Pany. There is no time. ...*(Interruptions)*...

---

*Expunged as ordered by the Chair.

SHRI RUDRA NARAYAN PANY: I am coming to my point. ...*(Interruptions)*... जैसा कहा गया कि प्रधान मंत्री जी की नीयत पर हम शक नहीं करते हैं, लेकिन प्रधान मंत्री जी इस प्रकार के बयान देंगे, उस स्तर पर जाकर, अगर वह कोई गलत काम करेंगे, तो आगे चलकर उनकी पार्टी भी उनके काम के लिए उनकी समीक्षा करेगी। समस्त पार्टी उसकी समीक्षा करने जा रही है। ...(**व्यवधान**) ...

डा. प्रभा ठाकुर: सर... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please take your seat. The Minister will reply. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश): सर ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please take your seat. ...*(Interruptions)*...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, यहाँ पर मेरे उड़ीसा के साथी बोले कि केन्द्र की ओर से राज्यों को पैसे दे दिए जाएं। राज्यों को पैसे दे दिए जाएं, यह बात सही है, किन्तु उसके साथ-साथ इसके प्रति भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि राज्य उस पैसे का किस प्रकार से उपयोग करता है। मैं उड़ीसा से आता हूँ। वहाँ वन और पर्यावरण का clearance न लेते हुए, कई प्रकार के projects गलत तरीके से चालू किए जा रहे हैं, जिसके कारण वहाँ भ्रष्टाचार हो रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री मंगल किसन (उड़ीसा): सर, ...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, क्योंझर जिले में रूरूकेला नामक एक स्थान है, जहाँ अभी वन स्वीकृति नहीं ली गई। वहाँ पर 4000 करोड़ रुपये की illegal mining हो रही है। इसलिए मैं माननीय मंत्री, जिनसे कुछ कर दिखाने की उम्मीद है ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Panyji, please take your seat.

श्री रुद्रनारायण पाणि: मैं मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि उड़ीसा में illegal mining हो रही है।...(**व्यवधान**)...

श्री प्यारीमोहन महापात्र: सर, ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Nothing more will go on record.

श्री रुद्रनारायण पाणि: *

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): पाणि जी, बोलने का क्या फायदा है? ...(**व्यवधान**)... आप बैठिये। आपकी बात रिकार्ड पर नहीं आ रही है।...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: *

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): The discussion on the working of the Ministry of Environment and Forests is over. The Minister will reply tomorrow. Now we shall take up Special Mentions.

---

*Not recorded.